


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 77 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 30 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### Corona: 24 घंटे में कोरोना के 243 नए मामले, 3609 मरीजों का चल रहा उपचार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत में शुक्रवार को कोरोना के 243 नए मामले आए हैं। देश में अब तक कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ हो गई है। इसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,609 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में संक्रमितों की कुल संख्या 4,46,78,158 हो गई है। पिछले 24 घंटे में महाराष्ट्र में संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हुई है। इस तरह देश में अब तक कोरोना से 5,30,699 लोगों की मौत हुई है।

### कलेक्टर की मानवीय पहल: ठंड में ठिठुरते लोगों को बांटे कम्बल

**रायपुर।** बीते कुछ दिनों से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भतरपुर जिले में शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है। जिले में शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने बीती रात मनेन्द्रगढ़ नगर के विभिन्न चौक चौराहों, बस स्टैण्ड, टैसी स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, हॉस्पिटल चौक लोगों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन की ओर से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था का मुआयना किया। कलेक्टर ने रेल्वे स्टेशन में ठंड से ठिठुरते बैठी मजदूरी करने वाली दस महिलाओं को अपनी ओर से दस कम्बल मंगवाकर उन्हें दिए। कलेक्टर ध्रुव की इस मानवीय पहल की सभी ने सराहना की।

नगर पालिक निगम भिलाई की सामान्य सभा

# दो घंटे में भिलाई निगम की सामान्य सभा खत्म सभी प्रस्ताव पास, हंगामा करते रह गए विपक्षी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक हुई। महज दो घंटे में ही सामान्य सभा में सभी प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित कर दिए गए। लगभग 11 बजे सामान्य सभा की बैठक में मुद्दों पर बहस शुरू हुई और दोपहर 1 बजे तक सभी प्रस्तावो पर मुहर लग गई। महापौर नीरज पाल ने एक ङ्कएक कर प्रस्ताव पढ़ना शुरू किया और बहुमत के आधार पर सभी प्रस्ताव पारित कर दिए गए।

इससे पहले आज सुबह बैठक शुरू होते ही विपक्षी पार्षदों ने डायरिया पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। भाजपा पार्षद दया सिंह, रिकेश सेन, पियुष मिश्रा, पी श्याम सुंदर राव आदि ने डायरिया पर महापौर को जवाब देने की मांग की। महापौर नीरज पाल ने इस दौरान सामान्य सभा के मुद्दों पर चर्चा करने की बात कहते हुए डायरिया पर अंत में चर्चा करने की बात कही। इसके बाद प्रस्तावों पर चर्चा शुरू हुई। इसके बाद दो घंटे में ही सभी प्रस्ताव बहुमति के आधार पर पारित कर दिए गए। विपक्षी पार्षद केवल हंगामा व शोर मचाते रहे।



### गफ्फार खान के नाम पर होगा मछली मार्केर्ट

पावर हाउस मछली मार्केट का नामकरण गफ्फार खान मछली मार्केट रखे जाने के प्रस्ताव पर भाजपा पार्षदों ने आपत्ति जताई। भाजपा पार्षद भोजराज सिन्हा ने गफ्फार खान के नाम पर आपत्ति जताते हुए मार्केट का नाम शहीद विश्राम मांझी के नाम पर रखने की मांग की। इस दौरान काफी हंगामा भी हुआ। अंत में महापौर नीरज पाल ने बहुमत के आधार पर इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। पावर हाउस मछली मार्केट का नाम अब गफ्फार खान मछली मार्केट होगा।

### सफाई के मुद्दे पर भी हंगामा

सामान्यसभा के शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी भारी हंगामा हुआ। भाजपा पार्षद पीयूष मिश्रा व स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीप्रति राजू के बीच सफाई को लेकर तिखी बहस हुई। इस दौरान स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने शहर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया। हालांकि विपक्षी पार्षद इससे संतुष्ट नहीं दिखे। सफाई के मुद्दे पर सदन में लंबी बहस होती रही। इस दौरान कांग्रेस की महिला पार्षदों ने भी माइक थाम कर विपक्षी पार्षदों के सवालों का जवाब दिया। सफाई के मुद्दे पर कुछ लंबी बहस हुई लेकिन बहुमत कांग्रेस के पास होने से विपक्ष को भी हार मानना पड़ा। अंत में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गए।

### विकास कार्यों का बैनर टांग कर सदन पहुंचे आदित्य सिंह

नगर निगम भिलाई की सामान्य सभा में शुक्रवार को महापौर परिषद् के सदस्य आदित्य सिंह ने गजब की क्रिएटिविटी दिखाई। विपक्ष के पार्षद शहर के विकास के मुद्दे पर हंगामा कर रहे थे और इस बीच आदित्य सिंह विकास कार्यों का बैनर टांग कर सदन में हाजिर हो गए। गले में लंबा सा बैनर टांग रखा था जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि का जिक्र था। दरअसल आदित्य सिंह अपने वार्ड में बन रहे स्वामी आत्मानंद इंगलिश मीडियम स्कूल की तस्वीर के साथ बैनर टांगा हुआ था। इसमें भिलाई निगम क्षेत्र में चल रहे सभी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण की जानकारी रही।

### रामनगर मुक्तिधाम की सड़क भी संवरेगी

सामान्य सभा में रामनगर मुक्तिधाम वार्ड में गौरव पथ से आजाद चौक तक सीमेंटीकृत सड़क बनाने पर स्वीकृति मिली है। यह सड़क बरसों से उपेक्षित थी अब इसके संवरने का समय आ गया है। सामान्य सभा के सीमेंटीकृत सड़क के साथ नाली निर्माण व ट्यूबलर पोल लगाने पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा सेक्टर 1 में बने पार्क के एक भाग का नाम मिनी माता उद्यान व दूसरे भाग का नाम शहीद अमित नायक के नाम पर रखने पर भी सहमति बनी है।

# क्रिकेटर ऋषभ पंत हादसे में घायल, झपकी आने से डिवाइडर से टकराई कार, अस्पताल में भर्ती

**देहरादून ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत कार एक्सीडेंट में बुरी तरह घायल हो गए। ऋषभ पंत सुबह अपनी मर्सिडीज कार से रुडकी जा रहे थे। इस दौरान जरा सी झपकी आई और कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद कार में भीषण आग लग गई। हालांकि किसी तरह से ऋषभपंत कार से बाहर निकल गए और उनकी जान बची। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने 108 को सूचना दी। फिलहाल पंत को देहरादून के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा शुक्रवार तड़के रूड़की के गुरुकुल नारसन क्षेत्र में हुआ। ऋषभ पंत दिल्ली से रूड़की जा रहे थे। हादसे के बाद ऋषभ पंत का बयान भी सामने आया है। हादसे को लेकर उन्होंने बताया कि किस तरह यह एक्सीडेंट हुआ और वह बचकर किस तरह निकले। यदि पंत कार से नहीं निकल पाते और जरा भी देर होती, तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। क्योंकि डिवाइडर से टकराने के बाद कार में भीषण आग भी लग गई थी।

# बंगाल को मिली वंदे भारत की सौगात, पीएम मोदी बोले-माफी चाहूंगा निजी कारणों से नहीं आ सका

**कोलकाता ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित किया। यह वंदे भारत ट्रेन एक जनवरी से बंगाल के हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी रूट तक का सफर तय करेगी। इस वंदे भारत सुपरफास्ट ट्रेन में हर तरह की आधुनिक सुविधाएं होंगी। वंदे भारत ट्रेन हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी तक का सफर लगभग 7.5 घंटे में पूरी करेगी। वहीं वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने अपना संबोधन भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की पुण्य धरती को आज मेरे लिए नमन करने का असवर है। बंगाल के कण-कण में आजादी का इतिहास समाया हुआ है। जिस धरती से 'वंदे मातरम' का जयघोष हुआ वहां से 'वंदे भारत' को हरी झंडी दिखाई गई।

### मैं निजी कारणों से बंगाल नहीं आ सका: पीएम मोदी

आज मुझे आप सब के बीच रूबरू होना था, लेकिन निजी कारणों की वजह से मैं आप सब के बीच नहीं आ पाया हूं। इसके लिए क्षमा चाहता हूं। देश की आजादी के 'अमृत महोत्सव' में देश ने 475 'वंदे भारत ट्रेन' शुरू करने का संकल्प लिया था। आज इसी में से एक हावड़ा को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली 'वंदे भारत' शुरू हुई है।



### आज 30 दिसंबर की तारीख इतिहास में अपना महत्व: पीएम

आज 30 दिसंबर की तारीख का भी इतिहास में अपना बहुत महत्व है। 30 दिसंबर, 1943 के दिन ही नेताजी सुभाष ने अंडमान में तिरंगा फहराकर भारत की आजादी का बिगुल फूंका था। इस घटना के 75 वर्ष होने पर साल 2018 में, मैं अंडमान गया था। नेताजी के नाम पर एक द्वीप का नामकरण भी किया था।

### भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए रिकॉर्ड निवेश: मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में भारत के तेज विकास के लिए भारतीय रेलवे का तेज विकास और सुधार जरूरी है। केंद्र सरकार भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए रिकॉर्ड निवेश कर रही है। अब भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेनें बन रही हैं। अगले 8 साल में हम रेलवे को आधुनिकीकरण की नई यात्रा पर देखेंगे।

### सीएम ममता ने जताया दुख

वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने से पहले ममता बनर्जी ने पीएम मोदी की मां हीराबा के निधन पर शोक जताया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री जी आज आपके लिए बहुत दुखद दिन है। मैं भगवान से प्रार्थना करूंगी की आपको यह दुख सहन करने की क्षमता दे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का 100 साल की उम्र में निधन

# अहमदाबाद के अस्पताल में ली अंतिम सांस, पीएम मोदी ने दिया कंधा





**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का शुक्रवार को 100 साल की उम्र में निधन हो गया। हीरा बा ने अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में सुबह 3.30 बजे अंतिम सांस ली। हीरा बा को मंगलवार शाम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीएम मोदी ने ट्वीट कर मां हीरा बा को श्रद्धांजलि दी। निधन के बाद हीरा बा के अंतिम सफर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके बेटों ने हीरा बा को कंधा दिया।

पीएम की मां हीरा बा को मंगलवार को अचानक से सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। इसके अलावा उन्हें कफ की शिकायत भी थी। इसके बाद उन्हें आनन-फानन में अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल के कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती करा दिया गया। डॉक्टरों ने उनकी मां का एमआरआई और सीटी स्कैन किया। गुरुवार को अस्पताल की ओर से बयान जारी कर बताया गया था कि उनकी तबीयत में सुधार है, लेकिन शुक्रवार सुबह उनका निधन हो गया।


### पंचतत्व में विलीन हुई हीरा बा, प्रधानमंत्री मोदी ने दी मुखाग्नि, देशभर में शोक की लहर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा पंचतत्व में विलीन हो गईं। गांधीनगर के श्मशान घाट में पीएम मोदी की मां हीरा बा का सामान्य तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी मां को मुखाग्नि दी। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल से लेकर दिग्गज जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। श्री मोदी ने 'मातृदेवोभव' की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने? जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं! गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पूज्य माताजी हीरा बा के स्वर्गवास की सूचना अत्यंत दु:खद है। माँ एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है जिसे खोने का दु:ख नि:संदेह संसार का सबसे बड़ा दु:ख है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां के निधन पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भावुक पोस्ट, कहा- मां का जाना आधार स्तंभ ढह जाने जैसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बा का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। उनके निधन पर देश भर में शोक की लहर है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पीएम मोदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भावुक पोस्ट डाला है। मुख्यमंत्री ने भूपेश बघेल ने कहा कि माँ का जाना जीवन से मुख्य आधार स्तंभ के ढह जाने जैसा होता है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक दिन पहले जब हीरा बा की तबीयत खराब हुई थी तब भी उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की थी। आज जब हीरा बा का निधन हो गया तो उनका भावुक पोस्ट सामने आया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी को मातृ शोक का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। माँ का जाना जीवन से मुख्य आधार स्तंभ के ढह जाने जैसा होता है। एक ऐसी क्रिया जिसकी शून्यता सदैव अनुभव होती है। इस शोक की घड़ी में ईश्वर जी, उनके परिवारजनों को साहस और माता जी को श्री चरणों में स्थान दे।

# सोशल मीडिया, स्मार्ट फोन और मुसीबत

श्रीकंचनपथ न्यूज




किसे अच्छा नहीं लगता कि कोई उसे सुन्दर बोले, स्मार्ट बोले? पर जब सुन्दरता का यह बोध केवल शरीर से जुड़ा हो, तो मुसीबत गले पड़ सकती है. पड़ भी रही है, पर परवाह किसे है. एक्सीडेंट के डर से कोई गाड़ी चलाना थोड़ी छोड़ देता है. स्मार्ट फोन का स्मार्ट कैमेरा जब सेल्फी भी बढ़िया खींचने लगे तो क्रिएटिविटी कुलांचे भरने लगती है. लोग तरह-तरह के फोटो और वीडियो बनाने लगते हैं. दीवानों की संख्या बढ़ती चली जाती है. किसी-किसी के फालोअर्स की संख्या लाखों में हैं. उनके फालोअर्स लगभग हर पोस्ट-रील को लाइक करते हैं. उन्हें लगता है कि पोस्ट डालने वाला उनके लाइक्स गिन रहा है. एक न एक दिन वह उससे इम्प्रेस जरूर हो जाएगा. बेचारों को पता नहीं कि पोस्ट डालने वालों में से बहुत कम लोग किसी और का पोस्ट देखते हैं. अकसर वो लाइक्स की केवल संख्या देखते हैं. लाइक किसने किया इससे भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता. पर सभी इस तरह के ब्लाइंड फालोअर्स या अंधे प्रेमी नहीं होते. जो सयाने होते हैं वो जिसे चाहते हैं उसे अपने घेरे में ले भी लेते हैं. इंटरनेट पर तमाम एप्स पड़े हैं जो फोटो से चुटकियों में बैकग्राउण्ड हटा देते हैं. बिना बैकग्राउंड की फोटो से मुण्डी को ले लो और उसे किसी डर्टी पिक्चर में फिट कर दो. ऐसा वीडियो के साथ भी किया जा सकता है. इसके लिए किसी खास स्किल की भी जरूरत नहीं. अपनी ऐसी फोटो वीडियो देखकर जो डर गया, समझो मर गया. उससे पैसे मांगों, न्यूड फोटो, न्यूड वीडियो मांगो, घर से चोरी करने को कहो, कहीं एकांत में मिलने को कहो, वह सब करेगा. पुलिस बार-बार लोगों से सोशल मीडिया पर सावधान रहने को कह रही है, स्कूल कालेज में सेशन ले रही है, पर किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता. पुलिस सेल्फडिफेंस सिखा रही है पर यहां तो मेमना खुद ही चलकर शेर की मांद में जा रहा है. अखबारों में रोज किस्से छप रहे हैं पर रील्स बनाने वालों की संख्या बढ़ती ही चली जा रही है. बॉयफ्रेंड की ऊलजलूल डिमांड पूरा करने वालों की संख्या बढ़ रही है. गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की तीन लड़कियां पुलिस के पास पहुंचीं. जांच पर पता चला कि उन्हें ब्लैकमेल करने वाला नाबालिग बिहार के पटना में बैठा है. अब वह बाल संप्रेक्षण गृह में है. वहां औरों को भी अपना स्किल सिखा सकता है-अगर स्मार्टफोन या लैपटाप दिला दिया जाए. ऐसे तमाम न्यूड फोटोज और वीडियो इंटरनेट पर हैं जिन्हें देखकर कहीं से भी नहीं लगता कि इन्हें जबरदस्ती या छिपकर शूट किया गया है. ऐसे वीडियोज में केवल लड़के ही अपनी पहचान छिपाने की कोशिश करते दिखते हैं. चोरी छिपे एक अलग दुनिया कथित सभ्य समाज के समानांतर विकसित हो रही है. न तो इसे स्वीकारा जा सकता है और न ही नकारा जा सकता है. मेक इन इंडिया कम से कम यहां तो सफल ही है.




## संपादकीय

### जांच की वापसी

साल के जाते-जाते कोरोना वायरस सरकारी फैसलों को प्रभावित करने लगा है, तो हमें सतर्क हो जाना चाहिए। दो दिन के भीतर दिल्ली में करीब छह हजार लोग विदेश से आए हैं, जिनमें से 39 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। अकेले एक हवाई अड्डे पर यह स्थिति है और ज्यादातर अन्य अड्डों पर जांच भी पूरी कड़ाई से नहीं हो रही है, तो कहना न होगा, पिछले सप्ताह भर में अनेक संक्रमित लोग विदेश से आए हैं। कायदे से विदेश से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच होनी चाहिए। अगर विदेश से आ रही किसी लहर को देश के प्रवेश द्वारों पर ही रोक दिया जाए, तो इससे बेहतर कुछ नहीं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट करके जानकारी दी है कि 1 जनवरी, 2023 से चीन, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और थाईलैंड से आने वाले यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। यह फैसला तत्काल भी लागू हो सकता था, लेकिन तत्काल लागू करने से यात्रियों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता। उन्हें टेस्ट कराकर ही भारत आने का मौका दिया गया है। ऐसे यात्रियों को यात्रा शुरू करने से पहले अपनी आरटीपीसीआर रिपोर्ट एयर सुविधा पोर्टल पर अपलोड करनी पड़ेगी। ध्यान रहे, अमेरिका ने पहले ही चीन से आने वाले सभी यात्रियों के लिए कोविड-19 संबंधी जांच अनिवार्य कर दी है। वैसे बेहतर यही है कि चीन अपने स्तर पर ही सतर्कता बरते। शुरुआती चरण में हमने देखा है, चीन ने न केवल कोरोना की शुरुआत को छिपाया, बल्कि अपने यहां से लोगों को दुनिया भर में आसानी से जाने दिया। नुकसान यह हुआ कि वायरस पहले यूरोप गया और वहां से पूरी दुनिया में फैल गया। न्यूजीलैंड जैसे जिन देशों ने पूरी सतर्कता बरती, वे महामारी की लहर के समय भी अपनी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त थे। चिकित्सकों ने कोरोना के बड़े खतरे के बारे में बता तो दिया था, लेकिन अमेरिका और यूरोप के अनेक देशों ने चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया। भारत में भी भयावहता का एहसास नहीं था, तो लोग अपना संक्रमण छिपाकर यहां-वहां छिपते भागते रहे। यहां तक कि क्वारंटीन से भी भागने और संक्रमण फैलाने वालों की संख्या कम नहीं है। फिर भी अपने उदार देश में अगर हवाई अड्डों पर पूरी चौकसी हुई होती, तो बहुत से लोगों की जान बच सकती थी। खैर, आगामी एक तारीख से देश के तमाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पूरी ईमानदारी से चौकसी हो और अन्य देशों से आ रहे यात्रियों पर भी निगाह रखी जाए, तो बहुत हद तक नए वायरस की घूसपैठ को रोका जा सकता है। अनेक विशेषज्ञ अगले 30-40 दिन को अहम बता रहे हैं। सरकार को भी इस बाबत आशंका है और इसीलिए कोरोना संक्रमण को देश में तेज होने से रोकने के लिए तमाम विकल्पों पर विचार चल रहा है। अब लॉकडाउन की वापसी नहीं हो सकती, लेकिन सतर्कता का कोई विकल्प नहीं है। अगर जनवरी महीने में संक्रमण में तेजी आनी है, तो भी लोगों को ज्यादा सावधानी से काम लेना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि अगर कोविड की नई लहर आती भी है, तो मौतों और संक्रमितों के अस्पताल में भर्ती होने की दर बेहद कम रहेगी। गौर करने की बात है कि पूर्वी एशिया में कोरोना की लहर के 30-35 दिन बाद भारत में महामारी की नई लहर आई थी। इस बार किसी भी नई लहर की आशंका को रोकने के लिए ही छह देशों से आ रहे यात्रियों पर विशेष नजर स्वागतयोग्य है।

“ यूजीलैंड जैसे जिन देशों ने पूरी सतर्कता बरती, वे महामारी की लहर के समय भी अपनी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त थे। चिकित्सकों ने कोरोना के बड़े खतरे के बारे में बता तो दिया था, लेकिन अमेरिका और यूरोप के अनेक देशों ने चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया।

## सदुपयोग का अध्यात्म

जल संरक्षण के लिए आध्यात्मिक भावना को बढ़ाने की आवश्यकता है। केवल प्रवचन करने से नहीं होगा। यदि हमें जल की महिमा की अनुभूति नहीं हो पाए, तो फिर कलश का क्या अर्थ? गोपीनाथ कविराज अपने काल के बड़े मनीषी थे। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत और बांग्ला, चार भाषाओं के विद्वान थे। क्या खूब लिखते थे! कविराज जी से एक बार प्रश्नकर्ता भगवती प्रसाद सिंह ने पूछा था, 'आप इतने बड़े आदमी हैं और कई बार हमने देखा कि आपने दो रुपये सब्जी लाने के लिए दिए। आप सब दर्ज करते हैं कि एक रुपये बारह आने की सब्जी आई। चार आने बचे। ये क्या लिखते हैं? एक बात और। दियासलाई की तीलियां यदि गिर गईं, तो कविराज जी स्वयं उनको चुनते थे और गिनकर रखते थे कि कितनी आज खर्च हुईं? ऐसे ही, अखबार पढ़कर उसे वह ऐसे रखते, जैसे पुस्तकों को रखते हैं। लोग पूछते, 'अखबार पुस्तक तो नहीं?' वह कहते थे, 'इससे जो मिला है, वह भी ज्ञान है, और उसका संरक्षण होना चाहिए। जब तक मैं जीवित रहूंगा, इन अखबारों को रखूंगा। सड़ने नहीं दूंगा।' एक-एक सामान वह संभालकर रखते थे।

प्रश्नकर्ता ने पूछा कि ये आप क्या करते हैं? तो कविराज जी ने कहा, 'इस संसार को वही बनाता है, वही पालन करता है। वही संहार करेगा, यही ईश्वर का लक्षण है। ये तीनों काम जो करे, संसार का वह ईश्वर है। उसी ने जीवन जीने के लिए पैसे दिए हैं, उसी ने जीवन जीने के लिए दियासलाई दी है, उसी ने कपड़े दिए हैं। यदि हम दुरुपयोग करेंगे, तो हम कभी उसके कोपभाजन होने से नहीं बचेंगे। इसलिए मैं यह सब करता हूं। मुझे हिसाब देना है कि भगवन, आपने जो परिवार दिया, आपने जो ज्ञान दिया, आपने जो कपड़े दिए, आपने जो सब दिया, उसका हमने सदुपयोग किया। हमने जीवन के एक क्षण को भी बर्बाद नहीं किया।

यदि यही भाव हर मानव में जागृत हो कि ईश्वर का दिया हुआ जल है, पर्वत है, नदियां हैं, तारे हैं, तो सबका संरक्षण ऐसे ही हो जाएगा। जल संरक्षण के लिए आध्यात्मिक भावना को बढ़ाना होगा। केवल प्रवचन करने से नहीं होगा। यदि हमें जल की महिमा की अनुभूति नहीं हो पाए, तो फिर कलश का क्या अर्थ? ये जितने धार्मिक जगत के लोग हैं, चाहे वे साधु हों, महंत हों, जो भी इसको समझता है, उसे कहना चाहिए कि भौतिक दृष्टि से नदियों को जोड़ने वाला काम प्राथमिकता के साथ करने की आवश्यकता है, नहीं तो जब लोग कहते हैं कि तृतीय विश्व युद्ध जल के लिए होगा, तो यह बात समझ में नहीं आती है कि क्या मामला है, किंतु हम यह समझ रहे हैं कि जल के बिना जीवन बेकार है।

जल जिस अनुपात में सूख रहा है, कम हो रहा है, उस अनुपात से होता गया, तो गेहूं, सब्जी, कुछ नहीं होगा, अन्न का अभाव हो जाएगा।... इसलिए जल की पूजा होनी चाहिए।

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

## सरदार पटेल की अपील

''बाहरी शत्रुओं से लड़ने में भारत सरकार अपने समस्त साधन लगा देगी। हमारी सरकार काश्मीर-युद्ध में प्रतिदिन चार लाख रुपये खर्च कर रही है। मैं सरकार की ओर से आपको यह विश्वास दिलाता हूं कि वह काश्मीर के प्रदेश का जरा-सा भी भाग नहीं छोड़ेगी। भारतीय प्रदेश पर जहां कहीं भी हमला होगा, भारत उसके विरुद्ध युद्ध करेगा। हमारी एक शक्तिशाली सेना होगी और जनता उसमें शामिल हो सकेगी। परन्तु जनता को पाशविक बर्ताव करके मस्जिदों, कब्रों, मन्दिरों और मूर्तियों को अपवित्र नहीं करना चाहिए। यदि कोई जनता पर हमला करे तो उसे अपनी रक्षा करने का अधिकार है। परन्तु निरपराध स्त्रियों और पुरुषों को, जिन्होंने कोई हानि नहीं पहुंचाई है, क्यों मारा जाये?'' ये शब्द भारत के उप-प्रधानमन्त्री, सरदार पटेल ने आज ऐतिहासिक कुतुब मीनार के समीपस्थ मेहरौली कस्बे में एक पुस्तकालय का उद्घाटन करते समय भारतीय जनता से साम्प्रदायिक साम्य बनाये रखने की अपील करते हुए कहे। सरदार पटेल ने आगे कहा कि देश में साम्प्रदायिक-शांति जनता की उन्नति से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक है।

“ **बीतते साल 2022 में भारत ने यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न समस्याओं को तो अच्छी तरह संभाल लिया, लेकिन चीन के मोर्चे पर उसे उतनी सफलता नहीं मिल सकी।**

# यूक्रेन से चीन तक चुभती रही चुनौती

विवेक काटजू

साल 2022 में भारत की विदेश और सामरिक नीतियों को कई गंभीर चुनौतियों से जूझना पड़ा। इन मुश्किलों की शुरुआत फरवरी में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के साथ हुई। बेशक, रूस से हमारे संबंध लगभग दो दशकों से नरम पड़ते जा रहे थे, लेकिन रक्षा क्षेत्र में वह आज भी हमारे लिए विशेष स्थान रखता है। हमारी सेनाएं पारंपरिक और आधुनिक युद्ध सामग्रियां अभी तक रूस से लेती रही हैं। असैन्य परमाणु व अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी उसका महत्व छिपा नहीं है। हालांकि, पूर्वी यूरोप में नाटो के विस्तार के कारण भारत को रूस के प्रति कुछ सहानुभूति थी, और समय-समय पर उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपनी इस भावना को खुलकर व्यक्त भी किया है, लेकिन यूक्रेन आक्रमण अंतरराष्ट्रीय नियमों का इतना बड़ा उल्लंघन था कि भारत उसको नजरंदाज नहीं कर सकता था। मगर हमें अपने रक्षा-हितों की भी सुरक्षा करनी थी। नतीजतन, हमने उचित नीति अपनाई, जिसके तहत यह मांग की गई कि यूक्रेन मसले का हल शांतिपूर्ण बातचीत व राजनय के जरिये खोजना होगा।

भारत ने न ही किसी वक्तव्य में और न ही संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद या आम सभा में रूस के खिलाफ प्रस्तावों का साथ दिया, लेकिन बड़ी खूबसूरती से यह भी साफ कर दिया कि वह इस हमले से खुश नहीं है। मोदी सरकार की एक और कुशलता यह रही कि युद्ध शुरू होते ही वह यूक्रेन से भारतीय नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को सुरक्षित स्वदेश वापस ले आई। इस युद्ध से वैश्विक आपूर्ति शृंखला प्रभावित हुई है, जिस कारण दुनिया भर में खाद्यान्न और ऊर्जा संकट गहरा गया है। इसका तत्काल समाधान आवश्यक है, क्योंकि इसका असर दुनिया के गरीब देशों पर ज्यादा पड़ रहा है।



भारत ने यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न समस्याओं को तो राजनयिक रूप से अच्छी तरह संभाल लिया, लेकिन चीन के मोर्चे पर उसे उतनी सफलता नहीं मिल सकी। हर रूप में चीन हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। 1962 की जंग में हमें बेशक नुकसान हुआ था, पर पांच दशक पहले दोनों देशों की क्षमताएं कमोबेश समान थीं। 1980 के दशक के बाद चीन के उत्थान ने फासला इतना बढ़ा दिया कि आज उसकी अर्थव्यवस्था हमसे छह गुना ज्यादा हो गई है। शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन एक ऐसा राष्ट्र बनना चाहता है, जो अमेरिका को हर क्षेत्र में चुनौती दे सके।

2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई झड़पों के बाद से ही यह साफ हो गया था कि चीन की मंशा भारत पर दबाव बनाए रखने की है। अब यह भी स्पष्ट है कि वह हमारे पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते आगे बढ़ाकर हमारे हितों पर चोट करना चाहता है। हालांकि, चीन और भारत के बीच राजनय और सैन्य स्तर की बातचीत भी जारी है, जिससे कुछ सफलताएं मिली हैं। मगर 2020 में चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जो कदम आगे बढ़ाए, उससे पीछे हटने को तैयार नहीं दिखता। यह मामला काफी नाजुक है, और इसी कारण केंद्र सरकार ने संसद में इस पर बहस की इजाजत नहीं दी।

दुखद है कि चीन का रुख तो नकारात्मक है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग, यानी विनिर्माण पर हमारी सरकार द्वारा जोर देने के बावजूद हमारी निर्भरता उस पर इतनी है कि हमारा आयात लगातार बढ़ रहा है। इस दृष्टि से देखें, तो चीन की चुनौती से पार पाने के लिए हमारी सरकार को राजनीतिक, सामरिक और औद्योगिक वर्गों को एक करना होगा। तभी चीन की बरअक्स हम खड़े हो सकेंगे। दुर्भाग्य से, इस दिशा में जो उचित कदम उठाने चाहिए, उनका अभाव दिख रहा है। तवांग की हालिया घटना से भी यह जाहिर होता है।

कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध की वजह से इस साल भारत के कई पड़ोसी देशों, विशेषकर श्रीलंका की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति चरमरा गई, जिसके दुष्परिणाम हम पर भी पड़ सकते थे। मगर केंद्र सरकार ने न सिर्फ कोलंबो को मदद पहुंचाई, बल्कि परदे के पीछे से राजनीतिक हल भी वहां के नेताओं को समझाया। देखा जाए, तो पूरे साल भारत के पड़ोस में उथल-पुथल जारी रही। पाकिस्तान तो अपनी आंतरिक समस्याओं से जूझता ही रहा, कश्मीर का राग भी अलापता रहा। सबसे अधिक खेद की बात तो यह रही कि उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे अल्फाज निकाले, जिसे न तो किसी भारतीय को भूलना चाहिए, और न ही भुट्टो को इसके लिए माफ करना चाहिए। हालांकि, यह अच्छा रहा कि फरवरी, 2021 के संघर्ष-विराम के फैसले को पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा-रेखा पर कायम रखा, लेकिन उसने इस बाबत कोई संकेत नहीं दिया कि वह आतंकवाद का दामना छोड़ेगा। इसीलिए, भारत की यह नीति कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद के प्रति अपना रुख नहीं बदलेगा, तब तक आपसी रिश्ते सामान्य नहीं हो सकेंगे, पूरी तरह से उचित है।

रही बात अफगानिस्तान की, तो वहां भारत ने अपनी 'टेक्निकल टीम' भेजी, जिसमें राजनयिक भी शामिल थे, लेकिन बेहतर होता कि भारत अपनी अफगान वीजा नीति में कुछ ढील देता। तालिबान को राजनयिक मान्यता देने का तो सवाल नहीं है, पर उनकी सरकार काबुल में बन चुकी है, जिसे नजरंदाज करना ठीक नहीं होगा। अपने हितों की रक्षा हर देश करता है, और हमें भी इस दिशा में गंभीर होना चाहिए। हां, नेपाल पर भी नजर बनाए रखने की जरूरत है। वहां की आंतरिक स्थिति अब भी नाजुक है, हालांकि चुनावों के बाद पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बन चुकी है।

यह सुखद है कि 1 दिसंबर को भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। ऐसे समय में, जब विश्व कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है, भारत यही चाहता है कि विकासशील व विकसित देशों के बीच की खाई कम की जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील पर तमाम देशों को उनका साथ देना चाहिए। हालांकि, इसमें यह भी आवश्यक है कि सरकार सभी राजनीतिक पार्टियों को साथ लेकर चले। जी-20 की अध्यक्षता चुनौती भरी तो होगी, पर इसमें यदि हमें सफलता मिली, तो इसके दूरगामी अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

हर देश की सफल विदेश और सामरिक नीति की बुनियाद सामाजिक और राजनीतिक एकता होती है। इसमें आर्थिक विकास का भी अपना विशेष योगदान होता है। ऐसे में, जरूरी यही है कि हम पीछे की तरफ न देखें, और अपनी नजर अर्जुन की तरह सिर्फ भविष्य की चुनौतियों पर रखें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# साइबर संसार में यह कौन आ गया गूगल की जगह लेने

जसप्रीत बिंद्रा

इंटरनेट पर कंटेंट या सामग्री का एक नया सागर अवतरित हो गया है। एक श्रेष्ठ चैटबॉट चैटजीपीटी ने अपने लॉन्च के पहले सप्ताह में ही दस लाख उपयोगकर्ताओं को जुटा लिया और ऐसा लगता है, इन दस लाख लोगों में से प्रत्येक ने इसके बारे में कुछ न कुछ लिखा है। लोगों ने इसे खूब प्रशंसा और अविश्वसनीय प्रतिक्रियाओं से लाद दिया है। मैं यहां चैटजीपीटी के एक पेचीदा पहलू पर ध्यान केंद्रित करूंगा क्या यह इंटरनेट पर खोज का माध्यम बन जाएगा? क्या यह गूगल बाबा नाम से मशहूर गूगल सर्च इंजन को भी अपदस्थ कर देगा? चैटजीपीटी पर मुग्ध अनेक उपयोक्ता ऐसा ही मानते हैं। आईए या कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटजीपीटी ने अपना जादू दिखाना शुरू कर दिया है। अनेक लोग आत्मविश्वास के साथ घोषणा कर रहे हैं कि चैटजीपीटी ने गूगल का खात्मा करना शुरू कर दिया है।



ओपन आईए के इस उत्पाद से गूगल में खतरे की घंटी बज गई है। इससे पहले कि हम इस बात पर विचार करें कि क्या सुंदर पिचई की रातों की नींद उड़नी चाहिए, आइए, देखें कि वास्तव में चैटजीपीटी है क्या? इसमें 175 अरब न्यूरल नेटवर्क पैरामीटर्स के साथ पाठ या टेक्स्ट का विशाल साम्राज्य खड़ा होता है। एक भाषा मॉडल इसमें काम करता है, जो पिछली प्रविष्टि या संकेतों के आधार पर यह फैसला करता है कि आपके वाक्य में अगला शब्द क्या होना चाहिए। एलएलएम को दुनिया की सबसे शक्तिशाली स्वत सक्षम प्रौद्योगिकी कहा गया है। इसके जरिये वाक्यों, तथ्यों और संवाद के नमूनों को तत्काल पेश किया जा सकता है।

वैसे इंटरनेट पर सर्च इंजन यह भी नहीं समझते हैं कि वे क्या सेवा कर रहे हैं, न ही वे कोई दिखावा करते हैं। उनका काम एल्गोरिदमिक रूप से आपके लिए संभवत सबसे प्रासंगिक खोज लिंक चुनकर पेश कर देना है। एक खांटी सर्च इंजन का यही काम है। हालांकि, सर्च का काम करने वाले व्यवसाय मॉडल, इसे भुगतान किए गए लिंक, प्रायोजित लिंक और अन्य अनेक लिंक के साथ जोड़ देते हैं। इसे हम सर्च इंजन मार्केटिंग (एसईएम) और सर्च इंजन अनुकूलन (एसईओ) के रूप में जानते हैं। सैद्धांतिक रूप में, चैटजीपीटी का उपयोग सर्च के लिए किया जा सकता है, पर यह संस्करण सर्च के लिए डिजाइन नहीं किया गया है। चैटजीपीटी आपको यह बता सकता है कि कौन-सी जानकारी कहां से आई है। हालांकि, अभी इसमें एक कमी है, इसकी सूचनाएं या इसका समय 2021 में समाप्त हो जाता है। मतलब, यह अब भी आपको बताएगा कि महारानी एलिजाबेथ इंग्लैंड पर राज करती हैं या हम अब भी इस धारणा में जी रहे हैं कि रूस कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं करेगा। इस वजह से इसका मजाक भी उड़ रहा है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि चैटजीपीटी कभी अपडेट नहीं होगा।

इसके सह-संस्थापक जॉन शुलमैन के अनुसार, अभी तो शुरुआत है, अगले कुछ महीनों में इसका एक अपग्रेड संस्करण आ जाएगा। ऐसा कतई नहीं है कि सुंदर पिचई और उनकी टीम हाथ पर हाथ धरे बैठी है। गूगल की इस टीम ने भी चैटजीपीटी जैसा ही मंच डीपमाइंड पिछले साल जारी किया था। डीपमाइंड भी सूर्य तले मौजूद तमाम विषयों पर उपयोक्ताओं से संवाद कर सकता है। अभी इस पर और काम चल रहा है। गूगल प्रमुख सुंदर पिचई का दावा है कि एक ऐसा संवादात्मक इंटरफेस बनाना है, जो किसी प्रकार की सूचना, पाठ, दृश्य, स्वर संबंधी उत्पादों को बोलते ही हाजिर कर दे।

बहरहाल, उपयोक्ता अभी चैटजीपीटी के साथ क्या कर रहे हैं, यह देखना दिलचस्प है। निशिथ का दावा है कि वह आखिरकार आसानी से यह समझ गए कि फुटबॉल का ऑफसाइड नियम वास्तव में क्या है। गूगल सर्च में यह पता करने के लिए अधिक समय लग जाता। अनेक लोगों ने चैटजीपीटी का इस्तेमाल किया है और इसे गूगल से बेहतर पाया है।

मेरा मानना है कि चैटजीपीटी भले गूगल को अपदस्थ न कर पाए, मगर यह इंटरनेट पर हमारी खोज को बेहतर बनाएगा। यह गूगल के साथ होड़ करेगा, जिससे गूगल भी नवाचार और अपनी सेवा को बेहतर करने को मजबूर होगा। उम्मीद है, गूगल विज्ञापनदाताओं पर ज्यादा ध्यान देने के बजाय अपने उपयोक्ताओं द्वारा संचालित होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ध्यान खींच रहे मोटे अनाज

रवि शंकर

वर्तमान समय में देश-दुनिया में मोटे अनाजों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकारी विज्ञापनों से लेकर संसद के मेन्यू तक हर जगह इनका जिक्र किया जा रहा है।

लोगों से अपने आहार में मोटे अनाजों को शामिल करने की अपील की जा रही है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को मिलेट अर्थात मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। बताते चलें कि इसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था और 72 देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। मोटे अनाजों के बारे में कहा जाता है कि इनकी फसलें प्रतिकूल मौसम को झेल सकती हैं। इन्हें ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। भारत के बारे में मशहूर है कि यहां हजारों साल से ये अनाज हमारे भोजन का अनिवार्य हिस्सा रहे हैं। हमारी पीढ़ी, जो पांच-छह दशक पहले बड़ी हो रही थी, में से बहुतों ने बचपन में गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, मक्का आदि की चूल्हे पर सिंकी स्वादिष्ट रोटियां खूब खाई हैं।

बाजरे की खिचड़ी, रोटी और घी मिलाकर बनाए लड्डू, समा के चावल भी भोजन का हिस्सा रहे हैं। तब तो गेहूं की रोटी में भी चने का आटा मिलाकर खाया जाता था, जिसे मिस्सा आटा कहते थे। अकेले गेहूं की रोटी खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता था। सर्दियों में शायद ही कोई दिन होता था, जब मक्का या बाजरा की रोटी न बने, लेकिन गेहूं, चावल की पैदावार में क्रांति और इन्हें खाने वालों की आर्थिक हैसियत को ऊंची बताने के कारण मोटे अनाज हमारी थालियों से लगभग गायब हो गए। अरसे बाद जब ये सुपरफूड के रूप में विदेशों से लौटे और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने वाले धनाढ्य वर्ग की थाली की शोभा बढ़ाने लगे, तो फिर इनके प्रति दिलचस्पी बढ़ी। यह अच्छा ही हुआ। फिलहाल सरकार भी इनके उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। खान-पान में इन अनाजों को शामिल करने की बात लगातार की जा रही है। मालूम हो, लम्बे समय से मोटे अनाजों की खेती को मुख्य धारा में लाने के लिए कोशिश की जा रही है।



सवाल अहम यह है कि भारत सहित दुनिया के देश मोटे अनाज की खेती पर जोर क्यों दे रही है? जवाब स्पष्ट है, तेजी से हो रहा जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या चिंता की बात है, ऐसे में फसलों के उत्पादन में कमी आएगी और खाद्य पदार्थों की मांग में बढ़ोतरी जिसके कारण सभी के लिए खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करना बड़ी चुनौती हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में सूखा और अकाल पड़ने जैसी घटनाएं सामान्य हो जाएंगी। मोटे अनाजों की खेती करके अकाल और सूखे की स्थिति से आसानी से निपटा जा सकता है। भारत दुनिया के उन सबसे बड़े देशों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा मोटे अनाज की पैदावार होती है। भारत दुनिया के कई देशों को मोटे अनाज का निर्यात करता है। इनमें संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, सऊदी अरब, लीबिया, ओमान, मिस्र, ट्यूनीशिया, यमन, ब्रिटेन तथा अमेरिका शामिल हैं। मोटे अनाजों में भारत सबसे ज्यादा बाजरा, रागी, कनेरी, ज्वार और कुट्टू को एक्सपोर्ट करता है। वैश्विक उत्पादन में लगभग 41 प्रतिशत की अनुमानित हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में बाजरा के अग्रणी उत्पादकों में शुमार है।

इसके बावजूद मोटे अनाजों से बने उत्पाद- बेबीफूड, बेकरी, ब्रेकफास्ट, रेडी टू ईट फूड, रेडी टू कुक, रेडी टू सर्व, वेवरीज और पशु आहार बेचकर चीन दुनिया में मोटी कमाई कर रहा है। यह तब है जब वह दुनिया का मात्र 9 फीसदी ही मोटा अनाज पैदा करता है। खैर, केंद्र सरकार ने बाजरा सहित संभावित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने तथा पोषक अनाजों की आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं को दूर करने के लिए पोषक अनाज निर्यात संवर्धन फोरम का गठन किया है। मोटे अनाज की कैटेगरी में ज्वार, बाजरा, रागी (मडुआ), जौ, कोदो, सामा, बाजरा, सांवा, कुटकी, कांगनी और चीना जैसे अनाज आते हैं। इन अनाजों के सेवन से मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। इनमें कई गुना अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहा जाता है। मोटे अनाज में सिर्फ फाइबर ही नहीं, बल्कि विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं।

मोटे अनाज जहां सेहत के लिए रामबाण हैं तो दूसरी तरफ खेती करने वाले किसानों के लिए भी फायदेमंद हैं। मोटे अनाजों की खेती करके जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, भू-जल ह्रास, स्वास्थ्य और खाद्यान्न संकट जैसी समस्याओं को काबू में किया जा सकता है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि भारत 2023 में जी-20 की अध्यक्षता करते हुए अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के उद्देश्यों और लक्ष्यों के मद्देनजर देश और दुनिया में मोटे अनाजों के लिए जागरूकता पैदा करने में सफल होगा और इससे मोटे अनाज का वैश्विक उत्पादन बढ़ेगा, मोटे अनाज का वैश्विक उपभोग बढ़ेगा। साथ ही, कुशल प्रसंस्करण एवं फसल चक्र का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। भारत द्वारा वर्ष 2023 में मोटा अनाज वर्ष के तहत मोटे अनाजों के प्रति जागरूकता की प्रभावी रणनीति से एक बार फिर मोटे अनाज को देश के हर व्यक्ति की थाली में अधिक जगह मिलने लगेगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में 63वें वार्षिक सम्मेलन की व्यवस्था को लेकर चेम्बर भवन में बैठक

# वार्षिक सम्मेलन मनाने जोर-शोर से तैयारियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में दिनांक 10 जनवरी 2023 को को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज रायपुर में होने वाले चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन के विषय एवं तैयारियों को लेकर चेम्बर भवन में चेम्बर पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।



चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि दिनांक 10 जनवरी 2023 को को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज रायपुर में होने वाले चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन की व्यवस्था को लेकर चेम्बर भवन में चेम्बर पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा पदाधिकारियों ने स्वेच्छा से उनका दायित्व लिया। बैठक में पदाधिकारियों ने वार्षिक सम्मलेन के परिपेक्ष में अपने अपने विचार रखे और सुझाव दिए। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने बड़े उत्साह से इस महत्वपूर्ण आयोजन में अपनी सहभागिता और सहयोग देने की बात कही।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि कोविड के कारण तीन वर्ष बाद चेम्बर द्वारा वार्षिक सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है जिसे लेकर चेम्बर पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच अत्यंत उत्साह है। बड़ी संख्या में प्रदेश स्तर से पदाधिकारी एवं सदस्यगण सम्मिलित होने आयेंगे। पारवानी ने यह भी बताया कि वार्षिक सम्मलेन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य मंत्री माननीय भूपेश बघेल जी होंगे साथ ही प्रदेश के व्यापारियों को अच्छे व्यापार, समाज एवं उच्च जीवन हेतु पथ प्रदर्शक के रूप में मार्गदर्शन देने हेतु जीएसटी एक्सपर्ट,भारत सरकार के सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष करों की राष्ट्रीय अकादमी से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक, जतिन हरजाई जी एवं आध्यात्मिक गुरु एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक गौरांग दास कोविड उपरांत परिवार एवं व्यापार विषय पर तथा कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. सी. भरतिया जी बदलते हुए परिवेश में भविष्य का व्यापार विषय को लेकर वार्षिक सम्मलेन में मुख्य वक्ता के रूप में होंगे।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने आगे बताया कि मुख्य चेम्बर सहित चेम्बर की चारों विंग उद्योग चेम्बर, महिला चेम्बर, ट्रांसपोर्ट चेम्बर एवं युवा चेम्बर के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी सक्रिय भूमिका के साथ कार्यरत हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब व्यापारी तहसील स्तर पर बड़ी संख्या में चेम्बर से जुड़ रहे हैं, वर्तमान में चेम्बर की सदस्य संख्या 21000 हुई, जिसमें भिलाई चेम्बर ने 3000 सदस्यों के आंकड़े को पार किया तथा खरोरा चेम्बर इकाई द्वारा अपना चेम्बर कार्यालय स्थापित हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष-हीरा माखीजा, टी.एस.रेड्डी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा,अमृत लाल पटेल, नरेन्द्र हरचंदानी, जय नानवानी, महावीर मालू, विमलचंद बाफना, नीलेश सेठ, संगठन मंत्री महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, मंत्री-शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी, दिनेश पटेल, हिमांशु वर्मा, दीपक विधानी, गोविंद माहेश्वरी, अमित अग्रवाल, सांस्कृतिक प्रभारी आलोक शर्मा, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष अश्विन गर्ग, युवा चेम्बर कोषाध्यक्ष रजत सिंह छाबड़ा, मंत्री प्रफुल्ल जैन, ट्रांसपोर्ट चेम्बर अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महिला चेम्बर अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, निष्ठा चतुर्वेदी सहित अनेक पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आठ जनवरी से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन 8 जनवरी से होगा। शहर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे खेलों का शुभारंभ किया जाएगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों की प्रतिस्पर्धाएं राजधानी रायपुर के तीन जगहों, बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम और सप्रे शाला मैदान पर होंगी। इस खेल आयोजन में पूरे प्रदेश के लगभग 2 हजार प्रतिभागी और अधिकारी-कर्मचारी शामिल होगें।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे के अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्थानीय आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में आयोजन के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा हुई। कलेक्टर डॉ भुरे ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से दो दिन पहले पूरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में एस.एस.पी प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के सी.ई.ओ आकाश छिकारा सहित आयोजन समिति के अन्य अधिकारी भी मौजुद रहे। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के राज्य स्तरीय खेलों का खेलों का समापन 10 जनवरी को शाम 5 बजे होगा। स्थानीय आयोजन समिति की बैठक में कलेक्टर ने सुरक्षा, भोजन व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधिकारियों को सभी इंतजाम करने को कहा। डॉ भुरे ने प्रतियोगिता में शामील होने वाले खिलाडि़यों-अधिकारियों, व्यवस्थापकों- निर्णायकों की सूची पहले से ही तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी के भोजन, आवास, आने-जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था समय पर पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर स्टेज, पोस्टर, आयोजन स्थल के पूर्ण साफ सफाई एवं खेलों के लिए चूना मार्किंग, चलित एवं अस्थायी शौचालय, पेयजल टेंकर की व्यवस्था की जिम्मदारी सौपी।

## खास खबर

### सर्वागीण विकास के सपने हो रहे साकार - जयसिंह अग्रवाल

**कोरबा।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा के सर्वागीण विकास के जो सपने हम सबने देखे थे, वे सारे सपने क्रमशः साकार हो रहे हैं, विगत 08 वर्षो के दौरान कोरबा का तेजी से विकास हुआ है, तथा बरसों की समस्याएं दूर की गई है। उन्होने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि नगर निगम कोरबा के महापौर, सभापति, एम.आई.सी.के सदस्य व सभी दलों के पार्षदगण तथा एल्डरमेनबंधु आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ वार्ड एवं बस्तियों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें राजस्व मंत्री अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 33 रामपुर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 32 एवं 33 में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने हैं, आज राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में इन विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके हाथों किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी. के सदस्य, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने इस मौके पर इन विकास कार्यो हेतु पूजा अर्चना की, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्यो का शुभारंभ कराया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री अग्रवाल ने आगे कहा कि आप सब इस बात से अवगत हैं कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के 05 वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य कोरबा के विकास में मील पत्थर साबित हो रहे हैं, इस दौरान कोरबा की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की समस्या का सम्पूर्ण निदान किया गया, 50 हजार निःशुल्क नल कनेक्शन दिए गए, सम्पूर्ण विद्युतीकरण योजना का धरातलीय स्तर पर ठोस क्रियान्वयन कर विद्युतविहीन बस्तियों, पारों एवु सुदूर ग्रामों तक बिजली की सुविधा पहुंचाई गई, अंधेरे में डूबी हुई बस्तियों व मार्गो को रोशन किया गया।

### क्षेत्रवासियों की मांग पर मुख्यमंत्री ने की नांदघाट को नगर पंचायत बनाने की घोषणा

# छत्तीसगढ़ सरकार किसानों, गांव-गरीब और मजदूरों की सरकारः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा के ग्राम नांदघाट में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों से रूबरू हुए। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों की मांग पर महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा और राज्य गीत के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संसदीय सचिव और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे भी उपस्थित थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जितनी भी योजनाएं हम बना रहे हैं, उसका लाभ आप लोगों को मिल रहा है या नहीं, लोग योजनाओं से खुश हैं कि नहीं इसकी जानकारी लेने आए हैं। सरकार बनते ही हमने शपथ ग्रहण के बाद सीधे मंत्रालय जाकर सबसे पहले किसानों के ऋण माफी का फैसला लिया। लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी ने हमें किसानों की ऋण माफी के लिए 10 दिनों का समय दिया था, हमने 10 घंटे के भीतर ही प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए 19 लाख किसानों के लगभग 9 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने पर केन्द्र के द्वारा लगाए जा रहे अड़चनों के बावजूद हम समर्थन मूल्य और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए सर्वाधिक मूल्य में किसानों से धान खरीद रहे हैं।

योजना के तहत तीन किस्त किसानों के खाते में अंतरित की जा चुकी है और चौथी किस्त 31 मार्च को खाते में डाल दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गन्ना का सर्वाधिक समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। राज्य में कोदो-कुटकी की खरीदी भी समर्थन मूल्य पर हो रही है, जो पूरे देश में कहीं नहीं है। यह किसान, गांव-गरीब और मजदूरों की सरकार है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए 57 करोड़ 29 लाख 49 हजार रुपए की सौगात देते हुए विभिन्न नवीन कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 35 करोड़ 62 लाख 75 हजार रुपए लागत से स्वीकृत 46 विभिन्न नवीन कार्यो का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार 21 करोड़ 66 लाख 74 हजार रुपए के 14 कार्यो का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री से बात करते हुए किसान श्री हरीश मिश्रा ने बताया कि उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिल रहा है। उनके पास 50 एकड़ जमीन है और उनका ऋण माफी योजना के तहत 12 लाख 50 हजार रुपए का कर्ज माफ हुआ है। किसान श्री भागवत निर्मलकर ने बताया कि उनकी 15 एकड़ जमीन है।

ऋण माफी के तहत एक लाख 12 हजार रुपए का कर्ज माफहुआ है। धान बेचकर जो पैसे मिले उनसे अपने बच्चों की शादी कराई है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नवागढ़ की कक्षा 11वीं की छात्रा तनु सिंह ने मुख्यमंत्री से अंग्रेजी में बात करते हुए कहा कि उन्हें स्कूल में निजी स्कूलों की तरह सभी सुविधाएं मिल रही है। अच्छी एजुकेशन, लाइब्रेरी, स्पोट्र्स की सुविधा मिल रही है। पहले निजी स्कूल में पढ़ाई करती थी, जहां बहुत पैसे लगते थे। श्री लल्लू राउत ने मुख्यमंत्री को गोधन न्याय योजना के लिए धन्यवाद देते हुए सुंदर छत्तीसगढ़ी बोली में राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित गाना गाकर सुनाया। मुख्यमंत्री ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि श्री लल्लू राउत के गाने में एक जीवन दर्शन देखने को मिला। श्रीमती निर्मला साहू ग्राम मोहतरा ने बताया कि उनका समूह बाड़ी योजना का लाभ लेकर 2 एकड़ में खेती कर रहा है। उन्होंने बाड़ी में हल्दी की खेती की है और हल्दी बेचकर उन्हें लगभग 40 हजार रूपए की आमदनी हुई है। श्रीमती साहू ने गोधन न्याय योजना की प्रशंसा करते हुए बताया कि उन्हें वर्मी कम्पोस्ट बेचकर लगभग 3 लाख 24 हजार 7 सौ रुपए की आमदनी हुई है।

राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य श्री उमेश कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके क्लब में 35 सदस्य हैं और सभी सदस्य शासन की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही क्लब के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक खेलों और विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब को युवाओं के विकास के लिए एक अच्छी योजना बताई।

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना से लाभान्वित श्री जनकराम सेन ने बताया कि उन्हें योजना का लाभ मिल रहा है। उनके खाते में अब तक 3 किश्तों में दो हजार रुपए आ चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस योजना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी योजना है, जिसकी किस्तें सही समय पर मिलने से हम अपने सभी त्यौहार धूमधाम से मना रहे हैं।

### नवागढ़ विधानसभा के ग्राम नांदघाट में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणाएंः

1. ग्राम नांदघाट में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जायेगा
2. नांदघाट में मंगल भवन का निर्माण कराया जायेगा।
3. बदनारा व नांदघाट में हायर सेकेण्डरी स्कूल के लिए नवीन भवन का निर्माण कराया जायेगा।
4. नांदघाट में नवीन विश्राम गृह का निर्माण कराया जायेगा।
5. बदनारा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोली जायेगी ।
6. नवागढ़ मोड़ बेमेतरा से नवागढ़ होते हुए मुंगेली सरहद तक सड़क निर्माण कराया जायेगा
7. चक्रवाय में मिडिल स्कूल के लिए नवीन भवन का निर्माण कराया जायेगा।
8. नांदघाट पंचायत के विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा।
9. नांदघाट को नगर पंचायत बनाने की घोषणा।

# राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। महापौर राजकिशोर प्रसाद के मुख्य आतिथ्य एवं सभापति श्यामसुंदर सोनी की विशेष उपस्थिति में आज राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्षों, सचिवों व सदस्यों को क्लब की गतिविधियों, क्रियाकलापों का पोटर्ल में आनलाईन एंट्री कार्य का तकनीकी प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम टी.पी.नगर स्थित प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में आयोजित हुआ।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के वार्डो एवं ग्रामों पंचायतों में राजीव युवा मितान क्लब गठित किए गए है। नगर पालिक निगम कोरबा के सभी 67 वार्डो में प्रत्येक वार्ड हेतु 02-02 मितान क्लब कुल 134 राजीव युवा मितान क्लब संचालित हो रहे हैं। यह क्लब अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों के आयोजन के साथ-साथ शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कराने की दिशा में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न सांस्कृतिक, आनलाईन एंट्री किए जाने के तकनीकी कार्य का प्रशिक्षण आज राजीव गांधी आडिटोरियम कोरबा में प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया।

### निजी कंपनियों में 30 युवाओं को मिली नौकरी

**कांकेर।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं, जिसके अच्छे परिणाम मिलने लगे है। कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण पश्चात युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी लग रही है। ससंदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी ने आज जिले के 30 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे तथा उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा ट्रेड जैसे-वेल्डिंग, इलेक्ट्रीशियन, हास्पिटैलिटी, ड्राईवॉल फाल सिलिंग, प्लम्बर इत्यादि में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।










## खास खबर...

### वीसीए चार्ज में बढ़ोत्तरी का मुख्य कारण एनटीपीसी से मिलने वाली बिजली की दर में वृद्धि

**रायपुर।** अगले महीने से लागू होने वाले व्हीसीए प्रभार में वृद्धि का मुख्य कारण एनटीपीसी से अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा क्रय की गई बिजली की लागत में विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में 459 करोड़ रुपए की वृद्धि होना है। इसके विपरीत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से क्रय की जाने वाली बिजली के बिल में अनुमोदित दर की तुलना में 26 करोड़ रूपए की कमी आई है। लेकिन एनटीपीसी के बिल में वृद्धि ज्यादा होने के कारण बिजली क्रय की राशि में 549 करोड़ रुपए की सकल वृद्धि हो गई है, जिसके कारण वेरिएबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वी.सी.ए.) चार्ज में 49 पैसे की वृद्धि करनी पड़ी। पूर्व में यह दर 61 पैसे प्रति यूनिट थी, जो अब बढकर 1.10 रूपए प्रति यूनिट हो गई है। वीसीए की गणना प्रत्येक दो माह में की जाती है। माह अगस्त एवं सितम्बर 2022 के दौरान वीसीए के कारण डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को खरीदी गई बिजली पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में 549 करोड़ रूपए का ज्यादा भुगतान करना पड़ा है। इसमें प्रमुख हिस्सा एन.टी.पी.सी. का 459 करोड़ रुपए है, जबकि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के बिल में आयोग द्वारा अनुमोदित दर की तुलना में लगभग 26.51 करोड़ रुपए की कमी आयी है।

### प्रदेश में टेली कंसलटेशन नाकाम मात्र 0.5 प्रतिशत लक्ष्य ही पूरा

**रायपुर (ए)।** टेली कंसल्टेशन सुविधा का लक्ष्य पाने में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। राज्य स्तर पर लक्ष्य का सिर्फ0.5 प्रतिशत ही पूरा किया जा सका है, जबकि राजधानी रायपुर का आंकड़ा सात प्रतिशत से ऊपर नहीं जा सका। रायपुर जिले के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी ने जिम्मेदार चिकित्सा कर्मियों के पांच-पांच दिन के वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं। दूसरी तरफ लक्ष्य प्राप्ति की विफलता पूरी व्यवस्था को घेरे में ला रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार प्रदेश में 5,100 एचडब्ल्यूसी हैं। प्रत्येक केंद्र में हर दिन औसत आठ लोगों को टेली कंसल्टेशन की सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। माह में करीब 10 लाख लोगों को टेली कंसल्टेशन की सेवाएं उपलब्ध करानी हैं। साल खत्म होते-होते यह आंकड़ा 1.20 करोड़ तक पहुंच रहा है। लेकिन वर्ष-2022 में 6.52 लाख मरीजों को ही टेली कंसल्टेशन सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जो लक्ष्य का सिर्फ 0.5 प्रतिशत रहा है, जबकि पिछले वर्ष सिर्फ 1.51 लाख मरीजों को सुविधाएं मिल पाईं। एचडब्ल्यूसी के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एसके पामभोई ने कहा कि बहुत सारे एचडब्ल्यूसी में अच्छा काम हो रहा है, जहां समस्याएं आ रही हैं। वहां के सीएमएचओ को व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा गया है।

### सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र की पवित्रता बरकरार रखने मतदान का बहिष्कार करेगा जैन समाज

**रायपुर (ए)।** जैन धर्म के 20 तीर्थकरों की मोक्ष स्थली सम्पूर्ण विश्व के जैन जगत की आस्था स्थली सम्मेद शिखर तीर्थ को गत वर्षों में केन्द्र सरकार द्वारा पर्यटन स्थल व ईको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित करने का जैन संवेदना ट्रस्ट ने कड़े शब्दों में विरोध किया है। शीघ्र पर्यटन क्षेत्र व ईको सेंसेटिव जोन को रद्दकर संरक्षित जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग करता है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि सम्मेद शिखर तीर्थ क्षेत्र जोकि पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित है आदिकाल से जैन समाज की श्रद्धा व आस्था का केन्द्र है जहां विश्वभर के जैन समाज के लोग आस्था से पूजा अर्चना करते रहे हैं। यह पहाड़ी रियासतों के समय से जैन समाज के पास है। आजादी के पूर्व पाल गंज के महाराजा ने मूल्य लेकर 49.33 किलोमीटर क्षेत्र के पारसनाथ पर्वतमाला को जैन समाज को हस्तांतरित किया था। स्वतंत्रता के बाद समय-समय पर नियमों में परिवर्तन होते रहे। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हिन्दू धर्म व सम्पूर्ण विश्व की आस्थास्थली काशी विश्वनाथ व उज्जैन में महाकाल का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण भव्यता के साथ किया गया महान कार्य है, उसी प्रकार से जैन धर्म के 24 तीर्थंकर परमात्मा की कल्याणक स्थलों को भी संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। उनमें सम्मेद शिखर में सर्वाधिक 20 तीर्थंकर परमात्मा को निर्वाण प्राप्त हुआ है। इसे शीघ्र अहिंसा तीर्थ स्थल घोषित किया जाना चाहिए। अखिल भारतीय जैन समाज सम्मेदशिखर को पवित्र संरक्षित जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित किए जाने तक मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार करेगा।

# रीना बाबा साहेब कंगाले ने दिव्यांगों के लिए मतदान को सुगम बनाने दो विभागो को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान हेतु गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बैठक में दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान को सुगम बनाने समाज कल्याण विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय को निर्देशित किया। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शिखा राजपूत तिवारी, समाज कल्याण विभाग के संचालक रमेश कुमार शर्मा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. के.आर.आर. सिंह, लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक जे.पी. रथ और उप संचालक एस.एन. पंडा भी बैठक में मौजूद थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विगत 24 नवम्बर को नई दिल्ली में आयोजित सुगम मतदान के लिए गठित राष्ट्रीय सलाहकार समिति के बैठक के कार्यवाही विवरण एवं आयोग की अनुशंसा की जानकारी दी। उन्होंने राज्य स्तरीय संचालन समिति के सदस्यों से छत्तीसगढ़ में संभावित आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान के लिए कार्ययोजना बनाए जाने हेतु सुझाव मांगे।

श्रीमती कंगाले ने सुगम मतदान के लिए आगामी निर्वाचनों में मतदान केन्द्र पर अनिवार्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समाज कल्याण विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने चिन्हित दिव्यांग मतदाताओं को दिव्यांगता का चिकित्सा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से विशेष शिविर आयोजित करने कहा। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं का मतदान केन्द्रवार चिन्हांकन कर उनके नाम सर्वर में एन्ट्री कराने के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि दिव्यांग मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में त्रुटिरहित तरीके से अंकित किया जा सके।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 18 वर्ष से अधिक आयु के थर्ड जेंडर नागरिकों के चिन्हांकन एवं मतदाता सूची में पंजीयन के लिए समाज कल्याण विभाग को जिला स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करने कहा। उन्होंने इस कार्य में थर्ड जेंडर समुदाय के कल्याण के लिए काम कर रहे गैर-सरकारी व नागरिक-सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवकों का सहयोग लेने कहा। उन्होंने दृष्टिबाधित दिव्यांग मतदाताओं को मतदान से संबंधित आवश्यक जानकारी देने के लिए वाइस मैसेज भेजने प्रत्येक दृष्टिबाधित मतदाताओं के चिन्हांकन के समय उनके मोबाइल नंबर प्राप्त कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मूक-बधिर दिव्यांग मतदाताओं और मतदान कर्मियों के बीच संवाद की दिक्कत को देखते हुए लघु फिल्म तैयार कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से साझा करने कहा ताकि इसे मतदान दल के सदस्यों एवं मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के समक्ष प्रदर्शित कर उन्हें प्रशिक्षित किया जा सके।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने संचालन समिति की बैठक में मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित की गई अनिवार्य बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक उपलब्धता को चिन्हित करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों को थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में अध्ययनरत 17 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं की सूची तैयार करने एवं मतदाता सूची में पंजीयन हेतु अग्रिम आवेदन कराने के लिए विद्यालय स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन करने कहा। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस एवं एनसीसी के चयनित विद्यार्थियों के विशेष प्रशिक्षण के भी निर्देश दिए।

#### निर्वाचन अधिकारियो की वेबसाइट को दिव्यांगों की सहूलियत के अनुरूप बनाया जाएं

श्रीमती कंगाले ने दिव्यांग मतदाताओं के सुगम मतदान में सहयोग के लिए उनके कल्याण के लिए काम कर रहे गैर-सरकारी व नागरिक-सामाजिक संगठनों का सहयोग लेने कहा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के संचालक को जिला स्तर पर इस तरह की संस्थाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. के.आर.आर. सिंह को इन संस्थाओं के साथ संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी जिला निर्वाचन अधिकारियो की वेबसाइट को दिव्यांगों की सहूलियत के अनुरूप बनाया जाना है। इस संबंध में सभी जिलों को पूर्व में ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियो की वेबसाइट का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में अच्छा काम कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रेरित करने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उन्हें विशेष पुरस्कार दिए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के लिए संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया।

### धान खरीदी का आंकड़ा 75 लाख मीटरिक टन पार

# सीएम बघेल ने कम दिनों में बड़ी उपलब्धि के लिए दी बधाई

#### शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सुचारू ढंग से हो रही धान खरीदी की प्रक्रिया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही धान खरीदी के अंतर्गत कल 28 दिसंबर को ही 75 लाख मीटरिक टन आंकड़ा पार हो गया, जबकि खरीदी की प्रक्रिया 31 जनवरी 2023 तक जारी रहेगी। इस साल 110 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है। पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़कर 24 लाख 95 हजार हो जाने के बावजूद राज्य शासन ने कम दिनों में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2017-18 में 12 लाख 06 हजार किसानों से कुल 56 लाख 88 हजार मीटरिक टन धान की ही खरीदी हो पाई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कम समय में ही शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और सुचारू ढंग से 75 लाख मीटरिक टन से अधिक धान खरीदी होने पर राज्य के किसानों को बधाई दी है।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 की तुलना में धान के रकबे, किसानों की संख्या और उत्पादकता में भारी वृद्धि होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में हर साल धान खरीदी का नया रिकार्ड कायम हो रहा है। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए राज्य सरकार ने जहां कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया की विसंगतियों को दूर करते हुए, धान का तेजी से उठाव सुनिश्चित किया है, वहीं धान खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 2614 कर दी है। इसके अलावा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की नयी शाखाएं खुलवाने के लिए तेजी से पहल की है, ताकि किसानों को धान खरीदी सहित सीधे लाभ पहुंचाने वाली शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।

इस साल छत्तीसगढ़ में 02 लाख 27 हजार नये किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीकरण कराया है। धान का कुल पंजीकृत रकबा बढ़कर 32 लाख 8 हजार हेक्टेयर हो चुका है। कल 28 दिसंबर तक खरीदे गए धान के एवज में किसानों को 15 हजार 582 करोड़ 51 लाख रुपए मार्कफेड द्वारा अपेक्स बैंक को जारी किए जा चुके थे। कल तक 59 लाख 82 हजार 017 मीटरिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया जा चुका था, जबकि डीओ से 48 लाख 63 हजार 515 मीटरिक टन धान का उठाव किया जा चुका था। टोकन की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए इस बार मोबाइल एप के माध्यम से भी टोकन जारी किए गए। कल 28 दिसंबर तक कुल 20,51,882 टोकन जारी किए जा चुके थे। इनमें से 4,07,129 टोकन एप के माध्यम से जारी किए गए।

प्रदेश में वर्ष 2018-19 में राज्य शासन ने 80 लाख 37 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी की थी। तब किसानों को समर्थन मूल्य के साथ-साथ 750 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बोनस का भी भुगतान किया गया था। इसके बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत करते हुए किसानों के लिए समर्थन मूल्य के अलावा फसलों पर इनपुट सब्सिडी का प्रावधान किया गया। वर्ष 2019-20 में 84 लाख मीटरिक टन, वर्ष 2020-21 में 92 लाख मीटरिक टन और 2021-22 में 98 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई। वर्ष 2019 में 18 लाख 43 हजार, वर्ष 2020 में 20 लाख 59 हजार तथा 2021 में 26 लाख 21 हजार किसानों ने धान बेचा था। राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू होने के बाद किसानों की संख्या, धान के रकबे और धान के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है।

### जेनेरिक दवाओं से नागरिकों को 79.39 करोड़ रुपए से ज्यादा की हुई बचत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नागरिकों को उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं सस्ती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए राज्य के सभी नगरीय निकायों में श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के तहत जेनेरिक दवाओं की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इन दुकानों में देश की ख्याति प्राप्त कंपनियों की जेनेरिक दवाईयों पर 50 से 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। धनवन्तरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 193 श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से अब तक 119.98 करोड़ रूपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 79 करोड़ 39 लाख रूपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 37 लाख 58 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है।

धनवंतरी योजना के अंतर्गत संचालित दुकानों में रायपुर जिले में 19, गरियाबंद में 4, बलौदाबाजार-भाटापारा में 7, धमतरी 7 और महासमुंद जिले में 6 सस्ती जेनेरिक दवाओं की दुकान संचालित की जा रही है। इसी तरह दुर्ग में 18, बालोद में 8, बेमेतरा में 8, राजनांदगांव में 5, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 3, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ में 1 और कबीरधाम में 6 दुकान संचालित की जा रही है।

# प्रदेश में 10 फरवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

#### 28 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जाएगा शिशु संरक्षण माह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में आगामी 10 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। शिशुओं के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए राज्य में 28 फरवरी से 31 मार्च 2023 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने मंत्रालय में राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक लेकर दोनों अभियानों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मौजूद स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को दोनों अभियानों में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।




राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में दोनों आयोजनों की रूपरेखा और प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, गैर-सरकारी संगठन एविडेंस एक्शन तथा अन्य संस्थाओं के अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान 10 फरवरी को प्रदेश में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। आंगनबाड़ियों, शासकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों और तकनीकी शिक्षा संस्थानों में बच्चों को कृमि की दवा का सेवन कराया जाएगा। वहीं 28 फरवरी से 31 मार्च तक शिशु संरक्षण माह के दौरान पांच वर्ष से कम आयु यानि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आईएफए सिरप तथा नौ माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी। बच्चों व किशोरों के अच्छे स्वास्थ्य, बेहतर पोषण, नियमित शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के लिए कृमिनाशक दवा के साथ विटामिन 'ए' व आईएफए सिरप देना आवश्यक है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# सर्दियों में घर की बाहरी जगहों पर फर्नीचर सजाने के लिए अपनाएं ये तरीके

घर की बाहरी जगह क शांत और आरामदायक बनाने के लिए कई लोग फर्नीचर को कुशन, सोफा कवर और थ्रो से सजाते हैं। ये चीजें फर्नीचर को बाहरी वातावरण से सुरक्षित रखने के साथ खूबसूरत लुक देने में काफी मदद कर सकते हैं। अब सर्दियां हैं तो आइए आज हम आपको इस मौसम में अपने बाहरी स्थान को बेहतर ढंग से सजाने के पांच तरीके बताते हैं।

## पॉप रंगों वाले फर्नीचर को चुनें

वुडनस्ट्रीट के इंटीरियर डिजाइनर सेजल पारेख के अनुसार, अगर आप सर्दियों में अपने घर की बाहरी जगह के लिए फर्नीचर खरीदने जा रहे हैं तो इसमें पॉप रंगों का चयन करें। इसके लिए आप झूला, टेबल सेट और कुर्सियां जैसे फर्नीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। अधिक आकर्षण जोड़ने के लिए आप पीले, फिरोजी और लाल जैसे रंगों को भी चुन सकते हैं।

## गर्म कंबल और कुछ तकिए रखें

गर्म कंबल और तकिए न सिर्फ आपके घर की बाहरी जगहों को खूबसूरत लुक दे सकते हैं, बल्कि आप आराम से बैठकर गरमागरम चाय का भी आनंद ले सकते हैं। इसके लिए उन जगहों पर रखें छोटे सोफों या फिर कुर्सियों पर कंबल और तकिए रखें ताकि ठंडी हवाओं से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त, आप इलेक्ट्रिक कंबल को भी रख सकते हैं।

## लाइट्स को शामिल करें

घर की बाहरी जगहों पर स्ट्रैंड लाइट्स लगाने से सर्दियों के दौरान माहौल को आरामदायक बनाया जा सकता है। इसके लिए बल्बों के चारों ओर वॉटरटाइट सील के साथ स्ट्रिंग लाइट्स का चयन किया जा सकता है। आप चाहें तो बाहरी जगहों पर रखी टेबल के नीचे भी एलईडी लाइट्स भी लगा सकते हैं।

## विंटर प्लांट्स लगाएं


सर्दियों के दौरान आप अपने घर की बाहरी जगहों को प्राकृतिक तौर पर सजाकर भी इसकी रौनक को काफी हद तक बढ़ा सकते हैं और ऐसे कई फूल और पौधे हैं, जो सर्दियों के अनुकूल होते हैं। अगर आप सर्दियों के अनुसार पौधे लगाएंगे तो इनकी देखरेख के लिए अधिक मेहनत की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी और रंग-बिरंगे मनमोहक फूल पौधों से सजी जगहें देखने में काफी खूबसूरत भी लगेगी।



# राजकुमार संतोषी की बेटी तनीषा गांधी गोडसे एक युद्ध से करेंगी डेब्यू

राजकुमार संतोषी ने हाल में गांधी गोडसे एक युद्ध की घोषणा की थी। इस फिल्म से संतोषी की बेटी तनीषा संतोषी बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं। मेकर्स ने आज फिल्म से तनीषा का फर्स्ट लुक शेयर कर दिया है। तनीषा ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म से अपनी पहली झलक शेयर की है। अपने पहले लुक में वह काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। सेलेब्स से लेकर फैंस ने उनके लुक की तारीफ की है।

तनीषा ने अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं इस पल का वास्तव में लंबे समय से इंतजार कर रही थी। मैं इस फिल्म का छोटा सा हिस्सा बनकर बेहद कृतज्ञ हूं। अपने किरदार का पहला लुक साझा करते हुए भावुक हूं। मुझे आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की जरूरत है। यह फिल्म अगले साल 26 जनवरी को रूपहले पर्दे पर आएगी। लेखक असगर वजाहत ने इसका लेखन किया है।



# एक्स्ट्रा रिवीलिंग आउटफिट में अंजलि अरोड़ा ने बरपाया कहर

लॉकअप और कच्चा बादाम से हिट हुई एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस पर बिजलियां गिराएं रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। रिवीलिंग आउटफिट में एक्ट्रेस अंजलि बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरें को काफी पसंद कर रहे हैं। अंजलि अरोड़ा अपनी लेटेस्ट रिवीलिंग आउटफिट में गजब ढा रही हैं। उनका ये लुक देखकर फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा ने ब्लैक एंड टाइगर प्रिंटेड आउटफिट में कहर बरपा रही हैं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर अंजलि अरोड़ा की तस्वीरें शेयर होते ही सुर्खियों में छा जाती हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ ला रहे हैं। इंस्टाग्राम रील में एक गाने के बाद रातों-रात सेलिब्रिटी बनी अंजलि को लॉकअप में भी खासा पहचान मिली। इस शो से बाहर आने के बाद अंजलि की फैन फॉलोइंग काफी बढ़ी है। ओपन हेयर और ग्लॉसी मेकअप में अंजलि अरोड़ा बेहद ही शानदार और खूबसूरत लग रही हैं। अंजलि के इंस्टाग्राम पर 12.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं. साथ ही उनकी फैन फॉलोइंग दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। कुछ महीने पहले एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा और लॉकअप में नजर आए कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी के साथ जोड़ा जाने लगा था। एमएमएस वीडियो लीक मामले के बाद अंजलि दोबारा मूव ऑन कर चुकी हैं। अंजलि अरोड़ा हरियाणवी सॉन्ग से लेकर पंजाबी गानों के कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं।

# घर से दूर रह रहे बच्चों की सही परवरिश के लिए अपनाएं ये टिप्स



बहुत से पेरेंट्स ऐसे होते हैं जिन्हें मजबूरन अपने बच्चे को खुद से दूर रखना पड़ता है। इसके पीछे पारिवारिक मजबूरी या पढ़ाई के लिए परिवार से दूर रखने जैसे कई कारण हो सकते हैं। ऐसे में घर से दूर रह रहे बच्चों की सही परवरिश और उनका पालन-पोषण करना पेरेंट्स के लिए मुश्किल हो जाता है, लेकिन ये असंभव नहीं है। आइए आज हम आपको लॉन्ग-डिस्टेंस पेरेंटिंग के बारे में और इसमें मदद के लिए टिप्स बताते हैं।

## क्या है लॉन्ग-डिस्टेंस पेरेंटिंग?

कभी-कभी कुछ परिवार भौगोलिक रूप से अपने बच्चों से अलग हो जाते हैं। इसे पेरेंट्स और बच्चों के बीच लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप कह सकते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। किसी बच्चे के पिता सैन्य कर्मी होने के नाते ड्यूटी पर जा सकते हैं या फिर पेरेंट्स और बच्चे काम के सिलसिले या पढ़ाई के कारण दूसरे शहर, राज्य या देश भी जा सकते हैं। ऐसे में बच्चों की परवरिश नीचे लिखे गए टिप्स की मदद से करें।

## छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें

आमतौर पर बच्चों को पेरेंट्स से प्यार और उनके ध्यान की जरूरत होती है। ऐसे में घर से दूर रहकर बच्चों को खुद से जुड़ाव महसूस करवाने के लिए पेरेंट्स को बच्चे की छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने और समय निकालने की जरूरत है। बच्चों के नए हेयरकट या नए कपड़ों की तारीफ करें और अन्य चीजों पर ध्यान दें। ऐसा करने से बच्चे को लगेगा कि आप आसपास ही हैं, जो उनकी छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दे रहे हैं।

## फोन कॉल के लिए शेड्यूल सेट करें

पेरेंट्स को रोजाना समय निकालकर अपने बच्चों से फोन पर बात करनी चाहिए, हालांकि कॉल करने की सीमा का ध्यान रखें क्योंकि बहुत ज्यादा कॉल या कम कॉल करने से समस्याएं हो सकती हैं। 24 घंटे में बच्चे को दो से तीन बार फोन कॉल करने के लिए पेरेंट्स एक शेड्यूल सेट कर लें। अगर कभी कॉल के लिए समय नहीं है तो ऑडियो मैसेज जरूर भेजें। इससे बच्चे मजबूरी समझेंगे और अकेलापन महसूस नहीं करेंगे।

## मस्ती के पल शेयर करें

लॉन्ग-डिस्टेंस पेरेंटिंग का मतलब यह नहीं है कि आप अपने मजेदार समय के साथ समझौता करें। बच्चे अधिक सक्रिय और साहसी होते हैं, इसलिए भले ही वह दूर हों, आप उनके साथ मस्ती के पल शेयर कर सकते हैं। ऐसी कई ऑनलाइन गतिविधियां और गेम हैं, जिनमें दूर रहकर भी एक साथ भाग लिया जा सकता है। पेरेंट्स गूगल पर इन गेम्स के बारे में सर्च करके अपने बच्चों से जुड़कर मस्ती कर सकते हैं।

## बच्चे की प्राइवेसी का सम्मान करें

कुछ पेरेंट्स बच्चों के दैनिक जीवन में बारे में सब कुछ जानना चाहते हैं, जो ठीक बात है। हालांकि कभी-कभी पेरेंट्स बच्चों की जिंदगी में कुछ ज्यादा ही दखल देने लगते हैं और हर बात पर टोकने लगते हैं, जो गलत है। पेरेंट्स को यह समझने की जरूरत है कि बच्चे अपनी अलग पहचान के साथ एक अलग व्यक्ति है। उनसे रोजाना बात करना सही है, लेकिन बहुत ज्यादा दखलअंदाजी करना नहीं, इसलिए बच्चे की प्राइवेसी का सम्मान करें।

# नए साल का जश्न मनाने के लिए रवाना हुए सिद्धार्थ-कियारा

गॉर्जियस कियारा आडवाणी और हैंडसम हंक सिद्धार्थ मल्होत्रा एक-दूजे को डेट कर रहे हैं और अब तक दोनों जबरदस्त अंदाज में नजर आ चुके हैं। दोनों एक-दूजे के साथ समय बिताने का कोई मौका नहीं छोड़ते। हालांकि भले ही दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई ऑफिशियल बात नहीं कीम हो, लेकिन इनके प्यार के चर्चे जोरों पर हैं। जी हाँ और अब दोनों को एक साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जी दरअसल कियारा और सिद्धार्थ दोनों नए साल का जश्न मनाने के लिए मालदीव गए हैं।

आपको बता दें कि समंदर की लहरों के साथ ये लव बर्ड नए साल का स्वागत करने वाला है। आपको बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ के अफेयर की खबरें उस वक्त से चर्चाओं में हैं जब से उन्होंने फिल्म शेरशाह की है। इस फिल्म के बाद दोनों ने एक-दूजे के साथ बहुत वक्त बिताया और देखते ही देखते दोनों की शादी की खबरें आने लगीं। अब इन सभी के बीच हाल ही में कियारा और सिद्धार्थ को एक साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। यहां रेड स्वेटशर्ट में सिद्धार्थ काफी स्मार्ट लग रहे थे। दुसरी तरफ लाइट ब्लू लूज फिट जींस और सी ग्रीन क्रॉप टॉप में कियारा बेहद खूबसूरत दिख रहीं थी। कियारा का ये लुक काफी कूल लग रहा था। आप देख सकते हैं कियारा ने सिर पर व्हाइट कैप पहनी थी और बालों को खुला छोड़ा हुआ था। इसी के साथ स्काई ब्लू पर्स कैरी किया था। स्पोर्ट शूज में उनका ये परफेक्ट एयरपोर्ट लुक था। आपको याद हो तो बीते साल भी कियारा और सिद्धार्थ ने एक साथ मालदीव में नए साल का जश्न मनाया था। उस दौरान दोनों ने अलग-अलग सेलिब्रेशन के कई वीडियोज और फोटोज शेयर किए थे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सौर सुजला योजना से जिले के 7398 हितग्राहियों मिल रहा लाभ

**सूरजपुर।** सौर सुजला योजनांतर्गत कृषकों को बेहतर सिंचाई आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सोलर सिचाई पम्पों की स्थापना वर्ष 2017-18 से किया जा रहा है। इस योजनांतर्गत सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिये 03 एच.पी. और 05 एच.पी. क्षमता के सौर सिंचाई पम्प की स्थापना में शासन द्वारा लगभग 95 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वर्तमान में सूरजपुर जिला अंतर्गत कुल 7398 हितग्राहियों के सौर सुजला योजनांतर्गत सिंचाई पंपों की स्थापना की गई है, हितग्राही इसका लाभ ले रहे हैं। इस योजना अंतर्गत लाभार्थियों का चयन राज्य सरकार के कृषि विभाग एवं क्रेडा द्वारा किया जाता है। ''सौर सुजला योजना'' का मुख्य उद्देश्य रियायती दरों पर सिंचाई पम्प प्रदान कर कृषकों को सशक्त बनाना है। इस योजना से न केवल किसान अपनी भूमि पर खेती करने के लिए अधिक सक्षम होंगे बल्कि इस योजना के तहत ग्रामीण छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास को मजबूत बनाने में भी मदद मिल रही है। यह उन किसानो के लिये एक वरदान की तरह है, जो विद्युत कनेक्शन न होने के कारण सिंचाई से वंचित थे। इस योजना का लाभ उन कृषको को दिया जा रहा है जिनके पास जल स्त्रोंत जैसे-नदी, तलाब, कुआं एवं बोरबेल पहले से ही उपलब्ध है। इस योजना से लाभान्वित हितग्राही पहले एक ही फसल ले रहे थे, परंतु सोलर पंप स्थापना के पश्चात् कृषक 02 से अधिक फसल एवं साग, सब्जियों का उत्पादन कर रहे है।

### जिले में 4 जनवरी से प्रारंभ होगा सघन कुष्ठ एवं टीबी खोज अभियान

**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार जिले में 04 जनवरी से सघन कुष्ठ एवं टीबी खोज अभियान प्रारंभ किया जाएगा। उक्त अभियान में स्वास्थ्य अमले के द्वारा घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान कर धनात्मक मरीजों का उपचार किया जाएगा। यह अभियान जिले के समस्त विकासखंड में 04 जनवरी से 25 जनवरी 2023 तक चलाया जाएगा। जिसमे मितानिन के द्वारा घर भ्रमण के दौरान संभावित मरीजों को निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार हेतु सलाह दी जाएगी। इस संपूर्ण अभियान में संभावित मरीजों की सूची तैयार कर समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला चिकित्सालय में मरीजों को उपचार हेतु भेजा जाएगा। जहां पर संभावित मरीजों का पूर्ण रूप से उपचार प्रारंभ किया जाएगा।

# किसान पहले साहूकार के घर जाते थे, अब बैंक जाते हैंः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के किसान खेती की जमीन खरीद रहे हैं, खेती-किसानी में निवेश कर रहे हैं और अपने बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं। पहले किसान साहूकार के घर जाते थे, अब बैंक में उनका पैसा जमा रहता है। किसानों को योजनाओं के माध्यम से दिया जा रहा पैसा बैंकिंग सिस्टम में आ रहा है, इससे विकास तेज होगा, ये किसानों की समृद्धि लाने का बड़ा परिवर्तन है। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज भेंट-मुलाकात में बेमेतरा जिले की नवागढ़ विधानसभा के ग्राम-दाढ़ी में आम जनता को संबोधित कर रहे थे।**




मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से छत्तीसगढ़ के किसानों की स्थिति में बड़ा बदलाव आया है, हमारा प्रदेश धान का कटोरा है, फिर भी कुछ समय पहले तक हमारे प्रदेश में यह स्थिति थी कि लोगों को खेती छोड़नी पड़ रही थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं। खेती में निवेश कर रहे हैं। बाइक ले रहे हैं। ये खुशहाली का सिलसिला जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नवागढ़ विधानसभा के दाढ़ी गांव में आया हूँ। यहां आने का उद्देश्य यह देखना है कि हमारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों को किस प्रकार से मिल पा रहा है। मंत्रालय के अधिकारी और विधानसभा के सदस्य भी साथ हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता से संवाद करना है। और इस तरह से प्रदेश को निरंतर विकास के रास्ते में ले जाना है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कर्ज माफी और धान खरीदी पर चर्चा करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त 31 मार्च को देंगे। कोरोना के बाद भी हमने आपके लिए हितकारी योजनाओं को जारी रखा। बहुत कठिन स्थिति थी फिर भी हमने किश्त देना जारी रखा। राजीव गांधी जी के शहादत के दिन पहला किश्त दिया, तीजा के समय, फिर धान लुवाई के समय और उन्हारी के समय चौथी किश्त मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेमेतरा में यह समय बहुत खूबसूरत होता है,पपीता, गन्ना, केला की फसल होती है। मैंने नवागढ़ में देखा कि कहीं भी पैरा नहीं जलाया गया। मैंने आपसे अपील की और आपने सम्पूर्णतः इसे माना, इसके लिए आपको बधाई। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्राम दाढ़ी में आयोजित भेंट-मुलाकात में अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने ग्राम दाड़ी को पूर्ण तहसील का दर्जा देने, ग्राम दाड़ी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, साहड़ा देव चौक से मुख्य प्रवेश द्वार तक सीसी रोड का निर्माण, ग्राम दाड़ी में सामुदायिक भवन का निर्माण, सेमरिया से भैंसबोड़ होते हुए सेंदरी तक सड़क का निर्माण, राजा बाड़ा के जीर्णोद्धार, ग्राम प्रतापपुर में जिला सहकारी बैंक की शाखा प्रारंभ करने तथा चरगवां में हाई स्कूल व तरके में प्राथमिक स्कूल के लिए नवीन भवन के निर्माण की घोषणा की।

भेंट-मुलाकात में दमेडीह गौठान समिति के अध्यक्ष प्रभुराम ने बताया कि हमारी समिति में 6 लाख रुपया आया है। गौठान के रखरखाव का खर्च उसी में होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे समाजवादी नेता कहते थे कि एसी रूम में बैठकर नीति नहीं बनती। आप लोग गांव में बैठकर योजना बना रहे हैं और यहीं पर खर्च कर रहे हैं। हम सब यह सपना देखते थे। हमारे पुरखे भी यही सपना देखते थे। महात्मा गांधी का भी यही सपना था। आज यह सपना पूरा हो रहा है। आप लोग गांव का पैसा, गांव के ही विकास में लगा रहे हैं। भेंट-मुलाकात में दिव्यांगजनों को राशन दुकान जाकर राशन लेने में आ रही दिक्कत की समस्या एक हितग्राही ने रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्देश आ गया है कि ऐसे मामले में नियमानुसार अधिकृत व्यक्ति भी राशन ले सकते हैं। जब दुकान तक आने में गंभीर दिक्कत हो।

भेंट-मुलाकात में गेंदसिंग वर्मा ने बताया कि उनकी साढ़े चार एकड़ जमीन है। 90 हजार का कर्ज माफ हुआ। पैसे का बोर खनन कराया। तार फेंसिंग की है ताकि रबी फसल ले पाऊं। मुख्यमंत्री से बात करते हुए श्री इन्दरू साहू ने बताया कि ऋण माफी में उनका एक लाख का कर्ज माफ हुआ है, धान भी बेच दिया हूँ, पैसा खाते में आ गया है। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने पूछा - पत्नी के लिए क्या लिया, उत्तर में श्री इन्दरू ने बताया कि पत्नी और 2 बहू दोनों के लिए करधन लिया हूँ। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की हितग्राही अनिता साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि योजना से जो पैसा मिला, उससे बच्चों को पढ़ा रही हूं। इस पर उनकी तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा भविष्य गढ़ रही हैं अपने बच्चों का।

भेंट-मुलाकात में ग्राम दाढ़ी की रहने वाली नीलम साहू ने बताया कि हमारे परिवार में 4 सदस्य हैं, 40 किलो चावल, दो किलो नमक निःशुल्क मिलता है। शक्कर के बस 17 रुपए देना पड़ता है। आशीष सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी भूमिहीन योजना बहुत बढ़िया हे, थोड़किन पैसा अऊ बढ़ा देतेव। इस पर मुख्यमंत्री खूब मुस्कुराए और कहा राहुल जी आये थे, उन्होंने भी कहा, तब राशि बढ़ाई। भेंट-मुलाकात में गोधन न्याय योजना के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री श्री बघेल को दुलापा यादव ने बताया कि 500 क्विंटल गोबर बेच चुकी हूं। 50 हजार आ चुका है। 50 हजार और आने हैं। खेती नहीं है। अब गोधन योजना से घर चलाने में बड़ी मदद मिल रही है। श्रीमती लीला साहू ने बताया कि हमारा समूह 2020 में बना, हम लोगों ने 2 लाख 82 हजार रुपये वर्मी बेचकर कमाए। कोदो का भी काम कर रहे हैं। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। टेकचंद बंजारे ने कहा कि मेरा गांव झाझडीह है, सड़क नहीं है इस कारण आवाजाही में समस्या होती है। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनकर गांव में सड़क कनेक्टिविटी के निर्देश दिए। सहबीन ने बताया कि गोधन न्याय योजना का लाभ मिल रहा है।गोबर बेचकर अब तक 40 हजार रुपए आमदनी की है। इन पैसों का उपयोग अब बच्चों की पढ़ाई के लिए कर रही हूं। भेंट-मुलाकात में राजीव युवा मितान क्लब उमरिया के पन्ना लाल ने मुख्यमंत्री को राजीव युवा मितान क्लब की गतिविधियों बारे में बताते हुए कहा कि पहले इतनी सुंदर योजना नहीं थी। हम लोगों ने इसकी राशि से रामायण कराया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के बारे में राधिका ने बताया कि मैंने बरसों बाद खेल खेला, फुगड़ी खेली। मेरे बच्चों ने भी खेला।

# इंदिरा मार्केट दुर्ग शहर का प्रमुख व्यापारिक केंद्र, डिवाइडर बनने से खत्म हो रहा व्यापार, दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शहर के सबसे प्रमुख व्यापारिक मार्ग इंदिरा मार्केट व स्टेशन रोड़ पर व्यापारियों की असहमति के बावजूद बनाये गया रोड डिवायडर अब शहर के व्यापार के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। ऑनलाइन, मल्टी स्टोर व कार्पोरेट जगत से प्रतियेगिता जैसी वैश्विक चुनौती के बाद डिवायडर जैसी स्थानिय समस्या ने अब इंदिरा मार्केट और स्टेशन रोड के व्यापार को अपने चपेट में लेना शुरु कर दिया है।**



डिवायडर की वजह से वाहन चालन में होने वाली परेशानी की वजह से दुपहिया व चैपहिया वाहनों से आने वाले ग्राहक अब दूसरे बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं। कई दुकानदारों ने जब अब नियमित रुप से आने वाले कस्टमरों से वजह जाननी चाही तो सबका यही जवाब था कि एक तो पार्किंग नहीं है दूसरा अब डिवायडर की वजह से सहजता से गाड़ी चलना संभव नहीं हो रहा है, जरा सी असावधानी से हरदम दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

डिवायडर से हो रहे नुकसान व ग्राहक के पलायन जैसी समस्याओं से जुझने के लिए अब व्यापारियों ने कमर कस ली है। हस्ताक्षर अभियान के प्रारंभ में ही इंदिरा मार्केट व स्टेशन रोड जैसे प्रमुख मार्ग पर स्थित 250 से भी अधिक व्यापारियों ने डिवायडर तोडे जाने की मांग वाले ज्ञापन में अपनी सहमति स्वरूप हस्ताक्षर किया है व यह संख्या निरमतर बढ़ती जा रही है। इस ज्ञापन को लेकर व्यापारियों का प्रतिनिधिक मंडल विगत छः सात दिनों से जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर रहा है व उन्हें डिवायडर से हो रहे नुकासान व व्यापार व जनसामान्य के लिए निर्मित हो रही विषम परिस्थिति से अवगत कराते हुए डिवायडर तोडे जाने के लिए ज्ञापन सौंपा जा रहा है। डिवायडर हटाने के लिए किये जा रहे आंदोलन को और अधिक तेज व प्रभावी बनाने के लिए आज सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई जिसमें अनिल बल्लेवार, सुरजीत सिंह सलूजा, बसंत कुमार मोदी, राज आढ़तिया, विनेश वाघेला आदि ने कहा कि डिवायडर हटाने के अभियान का जन आंदोलन का रूप दिया जायेगा।

स्थानिय जनप्रतिनिधियों, दुर्ग शहर के सभी पार्षदों से व्यापारी मिलेंगे। सत्ताधरी व विपक्ष दोनों ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों से व्यापारी मिलकर डिवायडर हटाने में उनका सहयोग व समर्थन मांगेंगे। नगर के महापौर, विधायक व सांसद सभी से मिलकर ज्ञापन सौंपा जायेगा व व्यापारहित, जनहित व नगरहित में डिवायडर को तोडने के लिए आगे आने की अपिल की जायेगी। व्यापार जगत की शिर्ष संस्था चैम्बर ऑफ कॉमर्स और कैट के स्थानिय व प्रादेशिक संघठन का भी सहयोग लिया जायेगा। मिटींग में संबंधित मंत्री व माननीय मुख्यमंत्री तक इस जन आंदोलन को लेकर जाने का संकल्प उपस्थित व्यापारीयों ने लिया। हर प्रजातांत्रिक तरिके से डिवायडर का विरोध व उसे हटाने के लिए आंदोलन को सडक की लडाई तक ले जाने के लिए व्यापारी कृत संकलपित हुए। आवश्यकता पड़ने पर विरोध स्वरुप प्रभावित क्षेत्र का बाजार बंद रखने तक भी सभी की सहमति दिखी। डिवायडर हटाने की मुहिम को जन जन तक पहुंचाने के लिए व्यापारियों ने एक कार्ययोजना तैयार कि जिस पर क्रमशः अमल किया जायेगा।

# स्कूल में बच्चों से कराएं आंसर राईटिंग प्रेक्टिस - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नवाचारी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने कहा, जिससे बच्चे अच्छे परिणाम प्राप्त करने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक से अधिक चयनित हो सके।**

उन्होंने सभी बीईओ को विशेष रूप से कहा कि स्कूल में पढने वाले बच्चों को आंसर राईटिंग की प्रेक्टिस करायें ताकि बच्चे एग्जाम के समय अपने उत्तर पुस्तिका में नियत समय में पूरा आंसर सही व अच्छे ढंग से लिख सके। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती साहू ने बैठक के दौरान कमजोर बच्चों को विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उनके लिए अलग से एकस्ट्रा क्लास लगाने और पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती साहू ने स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, स्कूलों की सतत मॉनिटरिंग और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए हर सप्ताह खेल-कूद, निबंध, भाषण, लेखन प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां कराये जाने कहा। कलेक्टर श्रीमती साहू ने कहा कि बच्चों के मन में जो झिझक होती है उन्हें दूर करें। उन्हें किताबी ज्ञान के अलावा अपने जिला एवं राज्य से जो व्यक्ति सफल हुए है उनके बारे में जानकारी दे। बच्चों को मोटिवेट करें, उनके प्रतिभा को निखारे और उन्हें बताये कि आप भी पढ़ाई करके उस मुकाम तक पहुंच सकते है।

कलेक्टर श्रीमती साहू ने बैठक के दौरान स्कूल में बनाये जा रहे जाति प्रमाण-पत्र के संबंध में जानकारी ली।

# सफलता की कहानी : सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा विकास से हो रही किसानों को अतिरिक्त आय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजनांतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देते हुए लोगों को गांव में ही पूर्ण रोजगार देने एवं गांव के विकास के लिए नरवा, गरवा, घुरवा व बाड़ी को विकसित करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिससे अब गांवों की तस्वीर बदल रही है। भूगर्भीय जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में नरवा कार्यक्रम के माध्यम से ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कृषि एवं कृषि संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। वर्षा के जल पर निर्भर किसानों के लिए यह योजना काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। कल तक जो किसान वर्षा ऋतु के इंतजार में सिर्फ एक फसल ले पाते थे, ऐसे सभी किसानों के लिए नरवा योजना वरदान साबित हो रही है। अब वे खरीफ के अलावा रबी फसल का भी लाभ ले रहे हैं। नरवा के माध्यम से सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आय में वृद्धि हो रही हैं साथ ही वे



सामाजिक और आर्थिक रूप से भी सशक्त हो रहे हैं। किसानों को खरीफ के साथ ही रबी फसलों के लिए भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है, आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर भी बढ़ रहा है साथ ही मनरेगा के तहत नरवा विकास कार्यों में शामिल होकर ग्रामीणों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है।

नरवा विकास योजना के अंतर्गत कोण्डागांव जिले के जनपद पंचायत माकड़ी मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत ठेमगांव से होकर बहने वाले बुडरा नाला में जल संचयन एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है। बुडरा नाला नजदीक के जंगलों से निकलकर ठेमगांव, ओंडरी, सोडसिवनी, लुभा से लगभग 6 किलोमीटर तक बहने के पश्चात नारंगी नदी में जाकर समाहित हो जाती है। इस नाले में मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत के प्रस्ताव द्वारा नवीन तालाब सह वियर निर्माण कार्य हेतु 9.62 लाख रुपये लागत के मनरेगा कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी। नवीन तालाब सह वियर निर्माण (नाला उपचार) के पहले सितंबर तक सूख जाने वाला यह नाला अब बरसात के बाद 05 महीने जनवरी-फरवरी तक पानी भरा रहता है। जिससे किसानों को खरीब के अलावा रबी फसल लगाने में भी सहूलियत मिल रही है।

नाले के समीप खेती करने वाले किसान आशाराम मरकाम बताते हैं कि नाला उपचार के पूर्व जहां किसानों को एक फसल लेने में मुश्किल हो रही थी वहीं अब नाला उपचार के बाद खरीफ और रबी दोनों की फसल ले रहे हैं। नाला उपचार से पूर्व जहां 2 एकड़ में रबी फसल के तहत मक्का एवं साग-सब्जी के उत्पादन से लगभग 8 से 9 हजार की ही आमदनी हो पाती थी। अब नाले में सह वियर (छोटा नाला) बन जाने से पानी का जलभराव ज्यादा होने पर धान के अलावा मक्का, चना और सब्जी से लगभग 30 हजार की अतिरिक्त आमदनी हो जाती है। इस अतिरिक्त आय से आशाराम बहुत उत्साहित हैं और आने वाले समय में अपने अन्य 1.5 एकड़ भूमि में भी दूसरी फसल लेने की सोच रहे हैं।

# 9 इंडीकेटर्स के पालन से शैक्षणिक संस्थान होंगे तम्बाकू मुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास तम्बाकू उत्पाद जैसे- सिगरेट, बीडी, पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। जिसके वजह से कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन की व्यसन को बढ़ावा मिलता है। बच्चों को नशे से दूर रखने और उन्हें नशा न करने हेतु जागरुक करने के लिये जिले में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार बीजापुर जिले में तंबाकू नियंत्रण हेतु कानून के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराये जाने एवं जिले के शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों तथा ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त किये जाने के उदेश्य से, जिला स्तरीय प्रवर्तन दल के सदस्यों के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीयों को स्कूल परिसर में तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान ना करने और ऐसा करने वाले लोगों पर कार्यवाही करने हेतु हर स्कूल में तंबाकू मुक्त कमेटी का गठन करने की जानकारी दी गयी साथ ही इसका सख्ती से पालन करने की बात भी कही गयी। कार्यक्रम के दौरान ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के सम्भागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया: स्कूल और शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त विद्यालय किए जाने के लिए निर्धारित किए गए 9 इंडीकेटर्स का पालन करते हुए परिसर को तंबाकू मुक्त रखा जाए, जहां न तो बीड़ी सिगरेट के टुकड़े होंगे और ना ही गुटखा तंबाकू के पाउच व थूक के धब्बे होंगे।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया: फ्राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 आंकड़ो के अनुसार बीजापुर जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों में तम्बाकू उपयोग का औसत प्रतिशत 53.15 है, जिसमें 61.9 प्रतिशत पुरुष एवं 44.4 प्रतिशत महिलाएं हैं। साथ ही कोटपा एक्ट 2003 की प्रावधानों एवं प्रवर्तन दल की भूमिका के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर द्वारा तंबाकु नियंत्रण हेतु सभी विभागों के माध्यम से अभियान चला कर जिले को धुम्रपान मुक्त किये जाने की पहल करने की बात कही गई। तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की भारत सरकार की गाईड लाईन के अनुरुप आगामी एक माह में जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किये जाने के लिये कड़ाई से प्रयास करें।






















## सूधखोरों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# मूलधन के बराबर ब्याज लेने के बाद भी कर रहे थे प्रताड़ित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भट्ठी पुलिस ने गुरुवार को पांच सूधखोरों पर कार्रवाई की है। इनके खिलाफ एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कर्ज लेने के बाद मूलधन के साथ इतना ही ब्याज भी दे दिया उसके बाद इनका कर्जा खत्म नहीं हो रहा था। सूधखोरों ने महिला को घर धमकाया और उसकी स्कूटी लेकर चले गए। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने सेक्टर -1 निवासी सुशील खंडागढे, श्रद्धा खंडागढ़े, नंदिनी रोड जामुल निवासी अमर राय व शानू राय तथा सेक्टर-7 निवासी रश्मी नायर के खिलाफधारा 384, 427, 34 के तहत कार्रवाई की है।




भिलाई भट्ठी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-2 निवासी रेणुका सिंह ने इसी वर्ष सितंबर में अपने पिता के इलाज के लिए सेक्टर-1 निवासी सुशील खंडागढे, श्रद्धा खंडागढ़े, नंदिनी रोड जामुल निवासी अमर राय व शानू राय तथा सेक्टर-7 निवासी रश्मी नायर से अलग अलग दिन में 6.80 लाख रुपए कर्ज लिया था। इस राशि को सूधखोरों ने 10 दिनों के लिए 30 फीसदी ब्याज यानी प्रतिदिन 3 प्रतिशत के ब्याज पर दिया था।

रेणुका सिंह ने सभी से लिया कर्ज 6.80 लाख रुपए और ब्याज 4.27 लाख रुपए लौटा दिया। इसके बाद भी आरोपी आए दिए मूलधन देने के लिए दबाव बना रहे थे। 23 दिसंबर को इन सूधखोरों ने सेक्टर-2 उनके निवास पर पहुंचकर खूब हंगामा किया और पीछे के रास्ते से पहुंचकर घर में तोड़फोड़ की और एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 07 बीवाय 8329 को अपने साथ लेकर चले गए। पैसा देकर छुड़ाने की धमकी भी देकर गए।

इस मामले में भट्ठी पुलिस ने उक्त पांचों सूधखोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कोरे हस्ताक्षरित 17 नग स्टाम्प पेपर व 9 नग बैंक चेक तथा 95 प्रोमिसरी नोट बरामद किया है। यह लोग ब्लैंक चेक लेकर ब्लैंक स्टांप पर हस्ताक्षर कराकर मजबूर लोगों का फायदा उठाते हैं। दुर्ग पुलिस ने अपील की है कि सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर अक्सर लोग आत्मघाती कदम उठाते हैं। ऐसा कोई भी सूदखोर यदि किसी को प्रताड़ित कर रहा है तो नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

## खास खबर

### हाथियों के झुंड को भगाने तंत्रमंत्र करने पहुंचा था बुजुर्ग, उन्हीं का बन गया शिकार

**धमतरी।** जिले के वन परिक्षेत्र से लगे गांवों में इन दिनों हाथियों के झुंड खतरा बने हुए हैं। ग्रामीणों में इसका डर भी है इसके कारण गांव छोड़ने को मजबूर हैं। ताजा मामले में हाथियों के झुंड ने एक बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला। बुधवार को खेतों में बुजुर्ग की लाश मिली थी। मृतक बुजुर्ग को लेकर बताया जा रहा है कि वह हाथियों के झुंड को भगाने के लिए तंत्रमंत्र करने आया था लेकिन उन्हीं हाथियों का शिकार हो गया। यह दर्दनाक घटना सीतानदी-उदंती अभयारण्य के साल्हेभाट गांव का है। यहां 32 हाथियों के दल ने 70 वर्षीय बुजुर्ग बुधराम कावड़े को कुचल कर मार दिया। बुधवार को शव मिलने के बाद उसका भांजे ने सच्चाई का खुलासा किया। दरअसल बुजुर्ग 27 दिसंबर की रात को साल्हेभाट पहुंचा था और भांजे से कहा कि वह हाथियों के दल को तंत्रमंत्र से भगा देगा। यह कहकर उसने भांजे व अन्य रिश्तेदारों को खल्लारी भेज दिया था।

### 830 क्विंटल धान जब्त अवैध धान पर कार्रवाई जारी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (ए)।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में जिले में धान खरीदी कार्यों में गड़बड़ी के संबंध में जांच एवं कार्यवाही की प्रक्रिया जारी है। मंडी सचिव संग उडनदस्ता की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव मंडी समिति के अंतर्गत 28 दिसंबर तक कुल 27 प्रकरण बनाए जा चुके हैं जिसमें सारंगढ़ मंडी समिति अंतर्गत कुल 8 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें कुल 206.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। बरमकेला मंडी समिति अंतर्गत कुल 6 प्रकरण बनाए गए हैं जिसमें कुल 155.20 क्विंटल धान जप्त किया गया है। भगवान भटगांव मंडी समिति अंतर्गत कुल 13 प्रकरण बनाए गए हैं, जिसमें कुल 469.20 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस तरह अब तक कुल 830 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। ज्ञातव्य है कि जिले में धान खरीदी कार्यों को लेकर प्रशासन लगातार मुस्तैद है, जांच एवं निगरानी के लिए बनाई गई उडनदस्ता टीम लगातार गड़बड़ी एवं अव्यवस्था की जांच कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

## निगम ने कब्जा हटाकर घर सील किया तो महिला ने खुद को लगाई आग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में एक महिला ने आत्मदाह कर लिया। गंभीर हालत महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला ने यह खौफनाक कदम निगम की कार्रवाई के विरोध में किया। दरअसल निगम ने महिला के कब्जे को खाली कराकर उसके घर पर ताला लगा दिया था। इस वजह से महिला ने खुद पर आग लगा ली। आसपास के लोगों ने आग बुझाकर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव निगम के लखोली वार्ड में बने अटल आवास में कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा था। निगम ने कब्जेदारों को कई बार नोटिस दिया लेकिन वे वहां से नहीं हटे। यहां पर यास्मीन बेगम (49) नाम की महिला अपने बेटे के साथ रहती है। उसने भी आवास आबंटन के यहां रह रही थी। गुरुवार को निगम की टीम ने अवैध कब्जे खाली कराए और इस दौरान महिला से भी आवास खाली कराकर घर को सील कर दिया।

महिला निगम की कार्रवाई का विरोध कर रही थी। लेकिन निगम के कर्मचारी नहीं माने तो महिला ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया और आग लगा ली। इससे वह जलने लगी तो आसपास के लोगों ने उसकी आग बुझाई। इसके बाद महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई। इधर महिला के आग लगाने की घटना के बाद अटल आवास क्षेत्र में तनाव का माहौल है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## शातिर नाबालिग: सोशल मीडिया पर दोस्ती कर लड़कियों की डीपी से बनाता था अश्लील फोटो

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** छत्तीसगढ़ की जीपीएम पुलिस ने बिहार से एक शातिर नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग की करतूत ऐसी की अच्छे-अच्छे बदमाश भी पानी मांगने लगे। दरअसल यह नाबालिग सोशल मीडिया पर लड़कियों से दोस्ती करता और उनकी डीपी को एडिट का अश्लील तश्वीर बनाता था। इस तस्वीर को वायरल करने की धमकी देकर लड़कियों की न्यूड वीडियो रिकार्ड करता था। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में दर्ज शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि गौरेला व पेंड्रा थाने में इस माह 3 लड़कियों ने खुद के साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की शिकायत की थी। तीनों शिकायतें लगभग एक जैसी ही थी। इन शिकायतों में बताया कि आरोपी उन्हें ब्लैकमेल कर रुपए की डिमांड करता था। इन शिकायतों के सामने आने के बाद



पुलिस सतर्क हुई। साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपी की लोकेशन सर्च करना शुरू कर दिया। पुलिस को आरोपी का कनेक्शन बिहार से मिला। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने पटना में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तारी के बाद किए चौंकाने वाले खुलासे

गिरफ्तारी के बाद नाबालिग ने पुलिस के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए। नाबालिग आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में एक और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में तीन लड़कियों को फांसा था। इसके अलावा देशभर में 20 लड़कियों को फंसा कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहा था। आरोपी नाबालिग ने बताया कि वह लड़कियों की प्रोफाइल फोटो व दूसरी फोटोज में से सेलेक्ट कर सॉफ्टवेयर की मदद से न्यूड बनाता था। इसी की सहायता से वह लड़कियों को ब्लैकमेल करता था। पुलिस ने नाबालिग आरोपी को बाल न्यायालय में पेश कर वहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग

**नामांतरण सूचना विज्ञप्ति कमांक 31 वर्ष 2022-23**

**सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नालिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भुमि/भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।**

**संबंधित हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 708 | 708 | हमीदा परवीन/जावेद खान | वसीम खान, शबनम बेगम, आशिया, शहूर बी सभी के पिता स्व. नब्बू खान | वार्ड कं. 44 आजाद चौक गुरूघासी दास वार्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा, |
| 709 | 709 | वंदना मिश्रा/स्व. आर.के.मिश्रा | आर.के.मिश्रा/नरसिंह प्रसाद मिश्रा | वार्ड कं. 18 प्लाट नं. 77 जवाहर नगर दुर्ग | स्थायी उपहार नवीनीकरण |
| 710 | 710 | सुनीता महिस्वर/प्रकाश महिस्वर प्रकाश महिस्वर/श्यामलाल महिस्वर | ओमप्रकाश/मंगलप्रसाद पाठक | वार्ड कं. 43 क्वाटर नं. 129 कुर्मी भवन के पीछे दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 711 | 711 | ईम्मानुएल तिर्की/स्व. अम्ब्रोस तिर्की, फुलजेनसिया तिर्की/ईम्मानुएल तिर्की | ऋषभ कालोनाइजर प्रा.लि. बसंत कुमार कटारिया/स्व. चम्पालाल जी कटारिया | वार्ड क. 54 जी/31 ऋषभ साउथ सिटी पोटियाकला दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 712 | 712 | नंदिनी वर्मा/डिंगेश्वर प्रसाद वर्मा | कुसुम साहू/कुलेश्वर साहू | वार्ड कं. 52 247/81 सुंदर नगर बोरसी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 713 | 713 | नारायण प्रसाद शर्मा/कुशाल चंद शर्मा | नारायण प्रसाद, श्यामा देवी/स्व. कुशल चंद शर्मा | वार्ड कं. 30 तमेरपारा दुर्ग | न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग छ.ग. पारित आदेश दिनांक 28.01.22, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 714 | 714 | रवि कुमार सागर/अलख राम सागर, मौसमी सागर/रवि कुमार सागर | राजेश कुमार/स्व. चौखोवा | वार्ड कं. 21 सिंधिया नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 715 | 715 | राजेश जैन/जवाहर लाल जैन | बसंत कुटारिया/चम्पालाल जी, संतोष कुमार साहू/रामाधीन साहू | वार्ड कं. 55 बी-702 ऋषभ ग्रीन सिंटी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा, |
| 716 | 716 | मनीष कुमार गुप्ता/स्व. गोरखनाथ गुप्ता | प्रियंबदा/स्व. गोरख नाथ | वार्ड कं. 41 केलाबाड़ी दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका |
| 717 | 717 | रूमा नरेश भंडारी/नरेश राम बहादुर भंडारी पिता राम बहादुर भंडारी, | राजेन्द्र कुमार, विशाल प्रसाद मिश्रा, इंदिरा मिश्रा/स्व. राजेन्द्र कुमार, पूजा मिश्रा,भौमिक मिश्रा/स्व. राजेन्द्र मिश्रा, | वार्ड कं. 15 सिकोला भाठा दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 718 | 718 | रूपादेवी यादव/उमाशंकर यादव | अशोक कुमार सोनी/स्व. एम. आर. सोनी | वार्ड कं. 58, गंगा भैय्या किराना स्टोर्स के पास ओम नगर उरला दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 719 | 719 | चंदना बेरा/मधुसुदन बेरा, सुरज कुमार बेरा/मधुसुदन बेरा | सुदर लाल देशमुख/सुकु सिंह देशमुख, गुमान सिंह देशमुख/स्व. सन्दर लाल देशमुख एवं अन्य 07 | वार्ड कं. 33 चंडी मंदिर वार्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |

नामांतरण अधिकारी
नगर पालिक निगम दुर्ग

## कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम, विकासखंड-दुर्ग (निकुम), जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

Telephone No-0788-26161276 Email id:-nhmnikum@gmail.com

पत्र क्र/स्था./2022/6511 — निकुम, दिनांक 26/12/22

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि इस विभाग में मितानिन 27वां चरण 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में चाय, नास्ता, भोजन एवं किराये का गद्दा, चादर, ताकिया, कम्बल/रजाई व प्रशिक्षण भवन व्यवस्था उपलब्ध कराने जाने हेतु ईच्छुक दुर्ग जिले के व्यक्ति/फर्मों / स्व सहायता समूहों से मुहर बंद निविदायें पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में 500/- रूपये की नगद राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :- दिनांक 16.01.2023 दिन सोमवार शाम 5.00 बजे तक

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 18.01.2023 दिन बुधवार शाम 3.00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 18.01.2023 बुधवार समय दोपहर 04 बजे

निविदा खोलने का स्थान :- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम, विकासखंड-दुर्ग (निकुम) जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जी-97094/3

**खंड चिकित्सा अधिकारी**
**विकासखंड दुर्ग (निकुम),**
**जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्कट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### भिलाई नगर निगम के कार्यालय भवन व गौठान में लगाये जाएगें सौर संयंत्र एवं सोलर पंप

भिलाई। बिजली की बचत हेतु भिलाई नगर निगम के कार्यालय भवन में ऑन ग्रिड सौर संयंत्र लगा कर बिजली की बचत किये जाने के प्रस्ताव पर भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल, क्रेडा के सदस्य विजय साहू, अधीक्षण अभियंता क्रेडा दुर्ग के भानु प्रताप एवं उप अभियंता नगर निगम अर्पित बंजारे व क्रेडा से हेमराज बंजारे उपस्थित रहे। भिलाई नगर निगम के द्वारा नगरीय क्षेत्र के पशुधन को व्यवस्थित रखने हेतु नगर निगम भिलाई के अधिकृत भूमि ग्राम सेमरिया में गौठान एवं चारागाह का निर्माण किया जाना है। जिसमें क्रेडा के द्वारा सौर संयंत्र एवं सोलर पंप लगाये जाने हेतु विषयों पर आवश्यक निर्देश दिये गये है साथ ही निगम क्षेत्र में पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु सौर संयंत्रों के माध्यम से विद्युत चलित उपकरणों को चलाये जाने हेतु आवश्यक सर्वे एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। क्रेडा के सदस्य विजय साहू द्वारा सेमरिया गौठान में बायोगैस संयंत्र निर्माण किया जाकर उच्च गुणवत्ता के खाद प्राप्ति हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया गया है। शीघ्र ही इस कार्ययोजना पर अमल किया जाऐगा।

### वार्ड 12 के बाल उद्यान का होगा सौंदर्यीकरण

**भिलाई।** महापौर नीरज पाल की पहल पर विकास कार्य की एक और गाथा लिखते हुए बाल उद्यान शिक्षक नगर वार्ड 12 का सौंदर्यीकरण हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसमे क्रेडा सदस्य विजय साहू जी, भिलाई नगर निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार, पार्षद सुमन सागर सिन्हा, महासचिव प्रमोद यादव, महामंत्री सुभाष गुप्ता, श्रीमती जागेश्वरी साहू, श्रीमती सुधा सिंह राठौर,श्रीमती गोदावरी सिंहा श्रीमती निभा कुमारी, श्रीमती सकुंतला योगेशठाकुर, युवराज,आयुष चौहान, हरीश धनकर त्रिभुवन,कैलाश,ईश्वर, गुरविंदर भाटिया और वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### राजयोगी ओम प्रकाश भाई की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में इंदौर जोन के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउंडेशन के मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ( चेयरपर्सन) राजयोगी ब्रह्माकुमार ओम प्रकाश भाई जी की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने भाई की विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि भाई जी ने उस जमाने में इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपना सम्पूर्ण जीवन विश्व कल्याण अर्थ समर्पित कर ब्रह्मा बाप समान माताओं, कन्याओं को सदा आगे रखा। त्याग, तपस्या पवित्रता की शक्ति द्वारा जोन की पालना की। निर्माणता एवं दूरदर्शिता जैसे गुणों से आपने संस्था को अथक सेवाओं से आगे बढाया। विषम परिस्थितियों में भी आपने अचल अडोल रह कर परिस्थितियों का सामना किया। मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ( चेयरपर्सन) रहते हुए आपने भारत वर्ष के अनेक मीडिया संस्थानो एवं सदस्यों को जीवन में मूल्य आधारित पत्रकारिता हेतु प्रेरित किया। आप कहते थे की मीडिया जगत 4 ष्ट क्राइम, क्रिकेट ,सेलिब्रिटी और सिनेमा के साथ मूल्यों एवं सकारात्मक खबरों को भी विशेष स्थान दे। जिसका परिणाम और बदलाव आज हम देख रहे है।

मुख्य मार्ग पर बन रहे बाक्स कल्वट का किया निरीक्षण

# मुख्य नाला का लाइनिंग करने गृहमंत्री ने दिए निर्देश, निगम बनाएगा 4 करोड़ का प्रस्ताव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली ।** चैड़ाई में सिमट रहे नाला के अस्तित्व को बचाने क्षेत्रीय विधायक व लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नाला को पक्का (लाइनिंग) करने निर्देश दिए। इस कार्य में लगभग 4 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ने जल्द प्रस्ताव तैयार करने कहा। उन्होंने गुरूवार को निगम क्षेत्र के मुख्य कृष्णा टॉकिज रोड पर बन रहे बाक्स कल्वट का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त आशीष देवांगन ने जानकारी दी की वार्ड 28 शक्ति विहार रिसाली में अब जल भराव की स्थिति लगभग खत्म हो जाएगी। दरअसल पानी निकासी के लिए मुख्य मार्गो पर सीमेंट का बड़ा पाइप डला हुआ है। मलबा पाइप में जमा होने की वजह से पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं निकलता और नाला में पानी का प्रेसर अधिक होने पर वही पानी ऊफान का कहर बरबाते रिहायसी क्षेत्र में प्रवेश कर जाता है।

बाक्स कल्वट बनने से नाला में ऊफान की स्थिति नहीं रहेगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, एमआईसी सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, वार्ड पार्षद डॉ. सीमा साहू, सहायक अभियंता आर.के. जैन, उपअभियंता नितिश अमन साहू आदि उपस्थित थे।

### इसलिए लाइनिंग आवश्यक

बाक्स कल्वट का निरीक्षण करने के बाद मंत्री व निगम अधिकारियों ने शहर के बीच गुजरने वाला नाला का अवलोकन किया। कई जगह नाला सकरा होने की शिकायत नागरिकों ने की। इस पर गृहमंत्री ने नाला जमीन का सीमांकन शीघ्र करने कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नाला को पक्का करें। सीमांकन रिपोर्ट को आधार बनाएं। लागत राशि को स्वीकृत कराने की जिम्मेदारी उनकी है।

### लगभग तीन करोड़ का होगा लाइनिंग

रिसाली का मुख्य नाला वार्ड 29 होते आशीष नगर प्रगति नगर होते सीधे मैत्रीकुंज निकलता है। कही नाला की चैड़ाई 15 फीट है तो कही 6 फीट चैड़ाई में सिमटा है। इसी नाला पर वार्ड 23 प्रगति नगर में अलग-अलग जगहों पर बाक्स कल्वट का निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि लाइनिंग कार्य होने से गंदा पानी निकासी के क्षेत्र में माइल स्टोल काम हो जाएगा। बहुत से रिहायसी क्षेत्र में जलभराव की शिकायत पूर्ण रूप से खत्म हो जाएगी।

# गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर गुरुद्वारा पहुंचे विधायक ने टेका मत्था



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गुरू गोविंद सिंह की जयंती के पावन अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेक्टर 6 गुरूद्वारा पहुंचे। जहां उन्होंने गुरूद्वारा में मत्था टेका। गुरू गोविंद सिंह और गुरू ग्रंथ को प्रमाण किए। गुरू वांणी सूनी। गुरू गोविंद सिंह जी को याद किए और उनके बताए मार्ग पर चलने की बात की।

गुरू गोविंद सिंह की जयंती के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न गुरूद्वारों में धार्मिक आयोजन हुए। सबसे पहले भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेक्टर 6 गुरूद्वारा पहुंचें । जहां उन्होंने आम लंगर में बैठकर लोगों के साथ भोजन भी किया। इसके बाद वे खुर्सीपार गुरूद्वारा पहुंचे। जहां गुरू द्ववारा समिति के लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव का स्वागत किया। गुरूद्वारा में गुरू वाणी चल रही थी। जिसमें शामिल हुए। गुरू वाणी सूनी। इसके बाद गुरू ग्रंथ को प्रमाण किया । इसके बाद गुरूद्वारा में चल रहे आम लंगर में सभी भक्तों के साथ बैठकर विधायक देवेंद्र यादव ने महापौर नीरज पाल के साथ लंगर का स्वाद भी चखा।

# नवनिर्मित आर्दश गौठान लोकार्पण की तैयारियों का महापौर बाकलीवाल ने किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत धमधा रोड मंडी परिसर में नवनिर्मित आदर्श गौठान का लोकार्पण कार्यक्रम कल दिनाँक 30 दिसम्बर दिन शुक्रवार किया जाएगा। लोकार्पण कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी अब्दुल गनी,दीपक साहू,भोला महोविया,मनदीप सिंह भाटिया,पार्षद सतीश देवांगन,अमित देवांगन एवं उपायुक्त मोहेंद्र साहू, अधिकारियों के साथ पहुँचे।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने सरकार की महत्वपूर्ण योजना बताते कहा कि इससे शहर के मवेशियों को बेहतर जगह मिलेगी। जहां मवेशी सुरक्षित रहने के साथ साथ चारे पानी की व्यवस्था भी रहेगी। सर्वसुविधायुक्त गौठान में मवेशियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था बनाई गई है। नवनिर्मित आर्दश गौठान में मवेशियों को रखने के साथ चारे की व्यवस्था और कोटना निर्माण किया गया है।

शहर के मवेशियों को पर्याप्त सुरक्षा देने गौठान का पूरी तरह से फेसिंग तार से बाऊंड्रीवाल कराया गया है। गौठान के दूसरे छोर पर पौधारोपण सहित फ्लदार पौधों के रोपण के लिए प्लांट की अलग तैयारी की गई है इसे लोकार्पण के दौरान पौधा लगातार प्रारंभ किया जाएगा।

प्रतिबंधित एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर भिलाई निगम सख्त

# सभी जोन द्वारा टीम बनाकर चलाया गया वृहद अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कार्रवाई तेज हो गई है, शहर में प्लास्टिक एवं झिल्ली पन्नी के कचरों के रोकथाम के लिए निगम प्रशासन बाजार व व्यवसायिक क्षेत्र में कार्रवाई कर रहे है।



जोन कार्यालयों द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के सदस्यों के साथ सुपेला बाजार का निरीक्षण किए और प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी विक्रय एवं उपयोग करते हुए पाए जाने पर सामग्री को जप्ती बनाने के साथ 27100 का जुर्माना भी वसूल किए, साथ ही साथ गंदगी फैलाने, सड़क बाधा, सीएनडी वेस्ट फेंकने वालों पर भी कार्रवाई कर रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार तथा व्यवसायिक क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जप्ती बनाने की कार्रवाई की जा रही है। प्रत्येक जोन में गठित टीम द्वारा अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक, पानी पाउच, गिलास, प्रतिबंधित झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक का दोना, पत्तल व प्लास्टिक अन्य सामग्री जो प्रतिबंधित है उस पर कार्रवाई की जा ही है।

निगम की टीम ने बीते दो दिनों में जोन 01 क्षेत्र से 40000रू, जोन 02 क्षेत्र से 16500रू, जोन 03 क्षेत्र से 8500रू, जोन 04 क्षेत्र से 800रू इस प्रकार से कुल 65800रू जुर्माना वसूलने के साथ ही सामग्री जप्ती बनाई गई। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग तथा विक्रय नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है।

शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें। प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है जिसको देखते हुए इस पर भिलाई निगम क्षेत्र में कड़ाई से कार्यवाही की जा रही है। रात्रि के समय भी ठेला लगाकर व्यवसाय करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय करने वालो पर लगाम लगाया जा रहा है। भिलाई निगम ने सभी जोन में अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ की है।

10 लाख की लागत से भवन में होगा अतिरिक्त कमरे का निर्माण

# विधायक देवेंद्र यादव ने वार्डवासियों और यादव समाज के पदाधिकारियों के साथ किया भूमि पूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** यादव कल्याण परिषद सेक्टर 7 में स्थित यादव भवन में अतिरिक्त कमरा का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव रहे। साथ ही एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू जी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर यादव समाज के सम्मानित गणमान्य पदाधिकारी भी उपस्थिति रहे। यादव समाज के पदाधिकारियों के हाथों से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी सम्मानित पदाधिकारियों ने विधि विधान के साथ भगवान की पूजा अर्चना की और नारियल तोड़कर भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है तब से इन 4 सालों में हर समाज के लिए भवन की व्यवस्था की गई है। जिन समाजों के पास जमीन तक नहीं था, उन समाजों के लिए हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने एक ऐसा नया कानून लाया है। जिससे कोई भी समाज कम से कम सरकारी मूल्य पर अपने समाज के लिए भवन बनाने जमिल ले सकता है। इस योजना के तहत आज लगभग सभी समाज के पास खुद की जमीन है। इसी कड़ी में आज यादव समाज के भवन में अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाएगा। करीब 10 लाख की लागत से यह निर्माण किया जाना है। जिसका आज हम सब ने भूमि पूजन किया। यादव समाज हमेशा से एकजुट और मजबूत रहा हैं। समाज की एकता मजबूती के लिए सामाजिक भवन होना भी बहुत जरूरी है ताकि हम सब समाज के लोग अपने सामाजिक भवन में सांस्कृतिक व पारिवारिक आयोजन कर सके। सामाजिक भवनों के अलावा हमारीरल सरकार में इस 4 सालों में कई जन हितेषी कार्य किए हैं,जैसे प्रदेश के हर व्यक्ति को राशन कार्ड बनाकर दिया गया है। जितने भी लोग थे सभी को पट्टा योजना के तहत पट्टा, बिजली बिल हाफ जैसे कई सुविधा सुविधा दी गई है। प्रदेश के किसानों के हित और विकास के लिए कई अहम निर्णय हुए। इस अवसर पर सेक्टर 7 के पार्षद सहित सकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।


# हीरो अंडर 17 यूथ कप फुटबॉल मैच का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बहुप्रतिष्ठित हीरो अंडर-17 यूथ कप 2022-23 का उद्घाटन 29 दिसंबर, 2022 को पंत स्टेडियम में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (खदान), तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे, रामकृष्ण मिशन, नारायणपुर से असीमानंद महाराज, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक (माइन्स एवं रावघाट) समीर स्वरूप, महाप्रबंधक (कार्मिक-नॉन वर्क्स एवं माइंस) एस के सोनी, महाप्रबंधक (एम एंड एचएस) शाहिद अहमद, संयुक्त निदेषक (एम एंड एचएस) डॉ अनुपम लाल व और बीएसपी फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष तथा छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव डॉ संजय गांधी, उप महाप्रबंधक (क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं) एस के जाखड़, बीएसपी फुटबॉल क्लब के सचिव ओ पी सागर सहित मैच आयुक्त दीपक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (टीएसडी) सरोज झा, पूर्व फुटबॉल कोच मोहन लाल तथा संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनिर्बान दासगुप्ता ने पंत स्टेडियम के फुटबाल स्टेडियम में फुटबॉल को किक मार कर एवं फुटबाल खिलाडियों का अभिनंदन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# महापौर नीरज पाल के प्रयासों से भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का होगा कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** करोड़ों की लागत से भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत, सड़कों के मरम्मत एवं संधारण का कार्य होगा। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के मरम्मत एवं संधारण की विभागीय प्रक्रिया तेज गति से की जा रही है। कई स्थानों पर सड़क मरम्मत एवं संधारण के कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं और यह कार्य अंतिम चरण पर भी है।



छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के निर्देश पर भिलाई निगम तत्परता से इस पर अमल कर रहा है। सड़कों को सुधारने की दिशा में मिले निर्देश के बाद से भिलाई की सड़कों का संधारण एवं मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

भिलाई की सड़कों के मरम्मत एवं संधारण के लिए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने खुर्सीपार से इसकी शुरुवात कर चुके है। निगमायुक्त रोहित व्यास ने सड़कों की सुधार की दिशा में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तेज गति से कार्य कराने अधिकारियों को निर्देश दे चुके है। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के प्रत्येक जोन में सड़कों के मरम्मत, बी टी रोड नवीनीकरण/पॉटहोल/पेच रिपेयर के लिए 9 करोड़ की स्वीकृति हुई है। जिसके तहत नेहरू नगर से के पी एस, के पी एस से सूर्या मॉल, खमरिया में डामरीकरण, प्रियदर्शनी परिसर व दक्षिण गंगोत्री एरिया में, गौरवपथ, आजाद चौक होते हुए मुक्तिधाम के सामने एरिया, जलेबी चौक से सुभाष चौक, नंदनी रोड, बैकुंडधाम एरिया, शिवशक्ति कॉलोनी रोड, किशन चौक से शीतला मंदिर रोड, छावनी चौक से हथखोज पुलिया तक के मार्गो का नवीनीकरण, आईटीआई सर्विस रोड से शिवालय एमपीआर रोड होते हुए श्री राम चौक से सर्विस रोड तक मार्गो का नवीनीकरण तथा हुडको क्षेत्र में डामरीकरण के कार्य किए जाएंगे।

अब हिचकोले खाते हुए गड्ढों से राहगीरों को निजात मिलेगा, भिलाई की सड़कें दुरुस्त हो जाएंगी। सड़कों के मरम्मत एवं संधारण के लिए भिलाई के कई सड़कों का चयन किया गया है। सड़कों के मरम्मत एवं संधारण के लिए विभागीय प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद सड़कों को ठीक करने का कार्य कई स्थानों पर हो चुका है। सड़कों को सुधारने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा। बारिश की वजह से कई सड़कों के कार्य अधूरे रह गए थे उन्हें भी पूर्ण किया जाएगा। सड़कों को ठीक करने के लिए निगम प्रशासन गंभीर है और इस दिशा में निगम कार्य कर रहा है।

# भारत के नव निर्माण के संकल्प के साथ व्यक्ति अपना व्यक्तित्व को गढ़े-डॉक्टर चिन्मय पंड्या

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भारत के नवनिर्माण के संकल्प के साथ हर व्यक्ति अपना व्यक्तित्व गढ़े।आज समूचे विश्व को गुरु के रूप में ऐसे ऋषि सत्ता मिला है जिसने करोड़ो लोगों के जीवन को बदला है। आज का यह 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ मानवीय चेतना को दैवीय संकल्प के साथ जोडने का अवसर है। इस भूमि पर लोग आते नही उन्हें ईश्वरीय चेतना द्वारा बुलाये जाते है। आप उन सौभाग्यशाली लोगों में से एक हैं जिन्हें दिव्य सत्ता द्वारा बडे उद्देश्यों के लिए चुना और इस धरती पर बुलाया गया है।

आज का यह दीप महायज्ञ सौभाग्य के वरण तथा अवसर को पहचानने का है।हमे यह सोचना चाहिए कि क्या हम अपना जीवन एक साधारण मानवीय की तरह पशुओं जैसा जीवन जीते हुए गँवा देंगे अथवा कुछ ऐसा करके इस धरती से जाएँ जिस पर समाज और आने वाली पीढियां हम पर गर्व कर सके। आज पूरे विश्व में असुरता का साम्रज्य छाया हुआ है।इस असुरता को परास्त करने के लिए हमें संगठित होकर आधशक्ति गायत्री को युगशक्ति के रूप में परिणित करना होगा।

उक्त बातें अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सेक्टर-7 भिलाई दशहरा मैदान में अश्वमेघ गायत्री महायज्ञ रजत जयंती के अवसर पर आयोजित 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन के कार्यक्रम दीप महायज्ञ के अवसर पर देव संस्कृति विश्विद्यालय हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉक्टर चिन्मय पंड्या ने अपने उदबोधन में उन्होंने युवाओं से व्यसन और फैशन से दुर रहकर अपना समय, साधन और शक्ति को मानवता के हित मे,गरीब व दीन हीन के उत्थान में लगाने का संकल्प दिलाया। वहीं पंडित श्याम बिहारी दुबे ने अपने प्रवचन में कहा कि जब तक जागेंगे नहीं तब तक बाहरी और भीतर के शत्रु प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमला करते रहेंगें।अब समय आ गया है कि अपने मन के दीपक को प्रकाशवान बनाये। गुरु,गायत्री, गीता, गंगा और गौ सेवा को हमें विश्ववसुधा तक पहुचाना होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950